RNI NO. RAJHIN/2013/57419

राजस्थान का सर्वाधिक ई-पेपर दैनिक

# द पुलिस पोस्ट

अंदोलन नहीं अखबार


जयपुर
शनिवार
29 जून, 2024

वर्ष: 10: अंक: 76

जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा से प्रसारित

दूरभाष: 01482: 455184: पृष्ठ: 08: मूल्य: 1.50 रुपए

### मानव तस्करी में यूट्यूबर के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी



द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मानव तस्करी और साइबर क्राइम मामले में यूट्यूबर बलवंत उर्फ बॉबी कटारिया से जुड़े राजस्थान सहित तीन राज्यों में सर्च किया। गुरुवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में पांच जगहों पर एनआईए ने छापेमारी कर तलाशी ली। एनआईए सर्च के दौरान आपत्तिजनक सामग्री मिली। डिजिटल उपकरण और डॉक्युमेंट जब्त किए गए हैं।

### नीट पेपर लीक-सीबीआई ने झारखंड से 3 आरोपी गिरफ्तार किए



द पुलिस पोस्ट

पटना/रांची। नीट पेपर लीक केस में शुक्रवार (28 जून) को झारखंड के हजारीबाग से सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन हैं। एजेंसी तीनों को झारखंड से बिहार ला रही है। इस केस में 27 जून को बिहार के पटना से एजेंसी ने 2 लोगों को अरेस्ट किया था।



## पीएम मोदी की राह पर चलेंगे राजस्थान के सीएम भजनलाल..

# 6 महीने में दी 20 हजार सरकारी नौकरियां..

# अब आज से 'खटाखट मिलेंगे नियुक्ति पत्र'!

**अपने वादों पर खरा उतर रही राज्य सरकार**

## 7000 युवाओं को आज सीएम रोजगार उत्सव में देंगे जॉइनिंग लेटर

### प्रदेश में पिछले छह महीने में 20 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

हमारा समाचार

**जयपुर।** केंद्र सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में कई रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। इन रोजगार मेलों में सरकारी नौकरी के लिए चयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। कुछ समारोह में खुद पीएम मोदी ने नियुक्ति पत्र दिए जबकि अलग-अलग राज्यों में आयोजित रोजगार मेलों में केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। पीएम नरेंद्र मोदी की तर्ज पर अब सीएम भजनलाल शर्मा भी चल पड़े हैं। राजस्थान में भी अब सरकारी नौकरी में चयनित होने वालों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। सरकारी नौकरी के लिए सिलेक्ट होने वाले कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलने की शुरुआत आज जयपुर से हो रही है। जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर स्कूल के ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथों सरकारी नौकरी में चयनित होने वालों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। आज ही राजस्थान के सभी जिलों में नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम होने जा रहा है। सभी जिलों के समारोह जयपुर में होने वाले समारोह से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। जॉइनिंग लेटर के साथ सीएम भजनलाल शर्मा का बधाई संदेश लेटर और एक बुकलेट भी दी जाएगी। हर नई भर्ती में सिलेक्ट हुए युवाओं को जॉइनिंग लेटर देने के लिए बड़े समारोह किए जाएंगे। सीएम की मंशा है कि अब जब भी नए कर्मचारियों की भर्ती हो, जब 5 हजार कर्मचारी इकट्ठे हो जाएं तो समारोह करके जॉइनिंग लेटर दिए जाएं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हर दो महीने में प्रदान किए जाएंगे नियुक्ति पत्र, बोले-चयनितों को नियुक्ति पत्र देने से उन्हें होगा नए दायित्व का अहसास

#### हर एक-दो महीने में सरकारी सेवा के चयनितों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र: सीएम भजनलाल

शुक्रवार को सचिवालय में आयोजित समारोह में शामिल हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर एक दो महीने में सरकारी सेवा के चयनित होने वाले कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। मुख्य सचिव सुधांश पंत का कहना है कि पिछले छह महीने में राजस्थान में 20 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। इन्हें बुलाकर नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। नियुक्ति पत्र के साथ मुख्यमंत्री का एक बधाई संदेश और एक बुकलेट भी दी जाएगी। सीएम भजनलाल शर्मा का कहना है कि ऐसे समारोह में सरकारी नौकरी लगने वालों को नियुक्ति पत्र देने से उन्हें अपने नए दायित्व का अहसास होगा और वे गंभीर होकर अपना कार्य करेंगे। नवनियुक्त कर्मचारियों को यह भी अहसास होगा कि वे एक बड़े परिवार का हिस्सा बनने जा रहे हैं और समाज के लिए उनकी जिम्मेदारी अब बढ़ गई है।

#### युवाओं को पहुंचेगा सीधा संदेश, राज्य की भाजपा सरकार हमेशा उनके साथ

भजनलाल सरकार रोजगार उत्सव के जरिए युवाओं पर पकड़ भले ही बनाने की कोशिश कर रही हो, लेकिन भाजपा नेता इस चुनावी समीकरण से जोड़ कर नहीं देख रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार प्रदेश में जब से भजनलाल सरकार बनी है, तब से युवा सरकार की प्राथमिकता में हैं। पेपर लीक से युवाओं को निजात दिलाने की बात हो या फिर अलग-अलग विभागों में रिक्तियों की पूर्ती हो, सरकार युवाओं के रोजगार को लेकर गंभीरता से काम कर रही है। भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के साथ पेपर लीक पर बड़ा एक्शन लिया। 70 से ज्यादा आरोपी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। महिलाओं को थर्ड ग्रेड टीचर में 50 फीसदी आरक्षण दे कर नई सम्भावनों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी चुनाव को देख कर काम नहीं कर रही है, बल्कि पांच साल हर वर्ग की समस्या का समाधान हो, इसको लेकर दिन रात काम कर रही है। प्रदेश की जनता का प्यार और समर्थन सरकार के साथ है।


## राजस्थान में रोजगार उत्सव का आगाज 29 जून को, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देंगे सौगात

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** राजस्थान में पर्ची की सरकार बता हो हल्ला करने वाले कांग्रेसियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चारों खाने चित करने की तैयारी शुरू कर दी है। चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को एक-एक पूरा करने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा यूं मानों की जैसे यह ठान बैठे है कि कोई वादा अधूरा नहीं छोड़ना है। अब इसी एक ओर वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल 29 जून को राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव का आगाज करने वाले है। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह 29 जून शनिवार को सुबह 11 बजे मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन ने बताया कि प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय आयोजन के साथ प्रत्येक जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। भविष्य में इन उत्सवों का निरंतर आयोजन होगा। इस पहले रोजगार उत्सव में 20 हजार से अधिक नवनियुक्त राज्य कार्मिक शामिल होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों को उत्कृष्ट राजकार्य के लिए प्रेरणादायी उद्बोधन देंगे। नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद रहने वाले कार्मिकों से वर्चुअल संवाद करेंगे। पीसी किशन ने बताया कि कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### कच्छ में लगे भूकंप के हल्के झटके



**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले 26 जून को मणिपुर और असम में भूकंप आया था। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता क्रमशः 4.5 और 3.2 थी। हालांकि, भूकंप की वजह से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ था।

### रास सांसद फूलो देवी की बिगड़ी तबीयत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सदस्य और छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ नेता फूलो देवी नेताम शुक्रवार को संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वे नीट मुद्दे पर सदन के वेल में विरोध कर रही थीं, तभी उन्हें चक्कर आने लगे। उन्हें दिल्ली के आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। सांसद स्वाति मालीवाल भी साथ थीं।

### तेलंगाना की फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत



**रंगा रेड्डी।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में शुक्रवार को एक ग्लास फैक्टरी में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य

## पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक में कर रहे जालसाजी

# सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य रडार पर राजस्थान से 10 स्टूडेंट को धर-दबोचा

### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक के सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य हैं। सभी 2021 में नीट में फर्जीवाड़े के प्रयास के आरोप में सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी हैं। आईएमएस बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय की बीडीएस की छात्रा रही पटना की जूली कुमारी को 12 सितंबर 2021 को नीट परीक्षा के दौरान सारनाथ के एक केंद्र से गिरफ्तार किया गया था। वह त्रिपुरा की रहने वाली हिना विश्वास की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई थी।

इसके बाद 48 आरोपियों का नाम आया था। अहम सूत्रधार मिर्जापुर के चुनार थाना के कैलहट के डॉ. शरद पटेल को 22 अप्रैल को एसटीएफ ने आरओ-एआरओ परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली के मामले में आरोपी रहे हैं।





**देश के कई राज्यों में फैला रखा था जाल**




**डॉ. शरद का एक करीबी भी लपेटे में**

सॉल्वर गैंग के डॉ. शरद सिंह पटेल का नाम नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के प्रयास में 2022 में सामने आया था। मुकदमे के तत्कालीन विवेचक के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने डॉ. शरद के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उसी दौरान एक व्यक्ति ने विवेचक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कमिश्नरेट के अफसरों को प्रार्थना पत्र दिया और विवेचना रोहनिया थानाध्यक्ष को स्थानांतरित कर दी गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ की जद में डॉ. शरद का वह करीबी भी आएगा।

### राजस्थान में भी कार्रवाई, मेडिकल कॉलेज के 10 स्टूडेंट्स गिरफ्तार



देश भर में नीट परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के तार अब राजस्थान में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। जहां जांच एजेंसियों ने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने के आरोप में 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने इस कॉलेज के 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 8 को जमानत मिल चुकी है। फिलहाल 2 छात्र अभी भी पुलिस की कस्टडी में हैं। इन छात्रों पर 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने का आरोप है।

### नीट-यूजी जांच: सीबीआई ने गोधरा के चार आरोपियों की रिमांड मांगी

**गोधरा।** सीबीआई ने पंचमहल जिले के गोधरा में पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार पांच लोगों में से 4 लोगों की चार दिन की रिमांड की अपील की। सीबीआई के वकील ध्रुव मलिक ने जिला अदालत को सूचित किया कि गुजरात पुलिस ने पहले जांच की है, लेकिन एजेंसी को इन आरोपियों को हिरासत में लेने की जरूरत है क्योंकि वह नए सिरे से जांच कर रही है। पंचमहल के प्रधान जिला न्यायाधीश सीके चौहान ने सीबीआई के रिमांड आवेदन पर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस या जांच एजेंसियां गिरफ्तारी के बाद शुरुआती 15 दिन से अधिक किसी आरोपी की हिरासत की मांग नहीं कर सकतीं। मलिक ने कहा उचित लगे तो 15 दिन से अधिक रिमांड दी जा सकती है।

### मुखिया ने ही सिपाही भर्ती का पेपर लीक कराया



बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का मास्टरमाइंड भी नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव मुखिया उर्फ लूटन की है। एक अक्टूबर, 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुआ था। दो दिन पहले ईओयू को इस केस में बड़ी लीड मिली थी। टीम ने छापेमारी कर बंगाल के 3 लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### राज्य सरकार ने खोला खजाना

# महिलाओं को हर माह मिलेंगे 1500 रु., बिजली बिल माफ

### महाराष्ट्र सरकार ने बजट पेश किया



एजेंसी ⏩ मुंबई

महाराष्ट्र की एनडीए सरकार ने चुनावी सीजन में पेश बजट में बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री अजित पवार की ओर से पेश बजट में मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना तर्ज पर महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए देने का ऐलान किया है।

इस स्कीम का फायदा 21 से 60 साल तक की उम्र की महिलाओं को मिलेगा। इस स्कीम का नाम 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' रखा गया है। इस स्कीम को 1 जुलाई से ही लागू कर दिया जाएगा और लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस स्कीम के लिए 46 हजार करोड़ रुपए का सालाना बजट तय किया गया है।

#### 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री

एकनाथ शिंदे सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के ठीक पहले यह फैसला लिया है। मुंबई क्षेत्र में वैट में कटौती की गई है और इसके चलते पेट्रोल एवं डीजल के दामों में भी कमी आई है। एक और कल्याणकारी योजना का ऐलान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री में दिए जाएंगे। इसे मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना का नाम दिया गया है। शिंदे सरकार ने किसानों को भी साधने की कोशिश करते हुए बकाया बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया है। इससे 44 लाख किसानों को फायदा मिलेगा।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाई

इन स्कीमों के अलावा वैट कम होने से पेट्रोल की कीमत में 65 पैसे की कमी आई है। डीजल भी 2.07 रुपए कम हुआ है। यह कटौती पूरे राज्य नहीं बल्कि अकेले मुंबई क्षेत्र में ही लागू की जाएगी। डीजल की कीमत में कटौती करने से किसानों को भी फायदा होगा। राज्य सरकार के इस बजट से उम्मीद की जा रही थी कि कुछ कल्याणकारी योजनाओं का ऐलान होगा क्योंकि अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने हैं।

# माननीय न्यायालय ने भी आदेश मे लिखा की प्रकाश डुडी को स्वायत शासन विभाग जयपुर ने 19 बार एपीओ व निलम्बित किया है

## राजपुरोहित ने कार्यभार ग्रहण किया पर न्यायालय के आदेश के बाद डीएलबी आदेश के बाद पालिका मे डुडी पद ग्रहण कर सकते है

## शिवगंज नगर पालिका मे दस दिन से कार्य प्रभावित हो रहा है पुरोहित ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शहर मे खुशी की लहर शाह गई थी


## पर आज डुडी ने दादागिरी से ताले तोडने वालो को साथ लेकर आ गए आफिस शिवगंज


द पुलिस पोस्ट




















**शिवगंज** नगर पालिका में आजकल भ्रष्टाचारियों का बोलबाला क्योंकि भ्रष्टाचारियों को पैसा देकर कुछ भी करवा देते हैं उनका पैसा लोगों का होता है वह ईमानदार अधिकारी ?1 खर्च करने के लिए भी सोचता है राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य शासन विभाग के निर्देश सुरेश कुमार ओला ने एक आदेश जारी कर दिनांक 25- 6- 2024 प्रशासनिक कारणों से प्रकाश डुडी अधिशाषी अधिकारी दित्य अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका शिवगंज सिरोही को श्री प्रकाश डुडी को तुरंत प्रभाव से अपनी उपस्थिति निदेशालय जयपुर में प्रस्तुत करेंगे पर जिस अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप उसने एक पट्टे के नाम पर 17 लॉख रुपए की मांग की डेढ़ लाख रुपये लिया पहले वह अधिकारीयों को यह नगर पालिका कैसे छोड़ेंगे क्योंकि इन पर सिरोही जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिनेश बिंदल ने राजस्थान सरकार के मंत्रियों अधिकारियों को भ्रष्टाचार ब्यूरो में उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया कि उनके एकल भूखंड का पट्टा तीन से चार महीने लटका के रख दिया सब कार्रवाई होने के बाद भी इन्होंने उस पट्टे को नियम अनुसार टाइम पर देने का नहीं सोचा इन्होंने लटकाने के लिए लास्ट मे तकनीकी अधिकारी के नाम की रिपोर्ट कर दी जो पूर्व में हो चुकी थी उसके बाद की सब संपूर्ण कार्रवाई हो चुकी थी सिर्फ इनको पट्टा देना था इस अधिकारी ने केंद्र सरकार के की योजना का पट्टा भी रोक दिया और उसमें किसने बारनीग कर प्रति बिधा ?1लाख की मांग की और पूरे पट्टे की 17 लॉख और कर्मचारियों के लिए अलग खर्चा की माँग की गई शिवगंज में जब से श्रीमान ने पदभार ग्रहण किया है तब से लेकर उसने सबको दुखी कर दिया हुआ सभी कर्मचारी दुखी है वह सभी ठेकेदार कोई भी ठेकेदार काम करना पसंद नहीं करते अब सरकार को उसको टर्मिनेट या निलंबित करना पड़ेगा आज हाई कोर्ट न्यायालय जोधपुर की न्यायाधीश माननीय रेखा बोराणा जी ने एक आदेश में स्वायत शासन विभाग के आदेश को स्टे किया वह आदेश में यह लिखा गया की श्रीमान प्रकाश डूडी को स्वायत शासन विभाग ने 19 बार एपीओ वह निलंबित किया गया क्या कारण है डुडी इतनी बार एपीओ व निलंबित हुए हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार अब स्वायत शासन विभाग जयपुर आदेश जारी कर दूसरों को वापस चार्ज देंगे या निलंबित करेंगे यह देखने वाली बात है पर श्रीमान ने डीएलबी की आदेश के पहले ही ऑफिस का ताला तोड़ने वाले को बुलाकर ताला तोड़ने की कार्रवाई की क्योंकि राजस्थान सरकार स्वायत शासन विभाग के आदेश अनुसार प्रकाश डुडी को एपीओ कर महेंद्र सिंह राजपुरोहित को अधिशाषी अधिकारी का कार्यभार दिया था पर बेईमान अधिकारी ने पुरोहित को गुमराह कर मान्य राज्य मंत्री ओटाराम देवासी से बात करवा कर दो दिन का समय मांगा था की मेरे बच्चे और मेरे घर का सामान जयपुर कहां ले जाऊंगा मैं इसे सिद्धा मेरा ट्रांसफर नागौर के आसपास करवाकर सीधा में लेकर जाऊंगा मुझे शुक्रवार तक का समय दीजिए पर श्रीमान के नियत में खोठ थी इसलिए डुडी ने हाई कोर्ट में कल पिटीशन लगवा दी थी हाई कोर्ट का आदेश पर जैसे ही महेंद्र सिंह को पता चलते ही थोड़ी देर बाद नगर पालिका शिवगंज में कार्यभार ग्रहण कर दिया था इसका आदेश डीएलबी को प्रेषित कर दिया था नगर पालिका क्रमाक शिवगंज संस्थापक/ 1524/ 27-6 -2024 को डीएलबी के आदेश अनुसार महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कार्यभार ग्रहण किया पर डुडी ने आज ताला तोड़ने की घटनाक्रम को लेकर बड़ी ही शर्मनाक बात सामने आई प्रकाश डुडी ने दादागिरी बताने की कोशिश की इसने यह भी नहीं माना की स्वायत्त शासन विभाग के आदेश आरएमएस/ डीएलबी/ 24 / 99 दिनांक 22 जनवरी 2024 को सुरेश कुमार ओला ने विभाग द्वारा जारी विभिन्न आदेशों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में इस जगह प्राप्त कर राजस्थान नगर पालिका सेवा के अधिकारी व कार्यभार को द्वारा संबंधित नगर निगम/ नगर परिषद/ नगर पालिका/ में से के स्तर पर कार्यभार करने कारण करने बाबत इस पर स्वायत शासन विभाग के निर्देशन में आदेश जारी किया था की हाई कोर्ट का स्टे के बाद सोमवार के आदेश के बाद ही उस कार्यालय में जाकर आप ज्वाइन कर सकते हो पर प्रकाश डुडी ने आज हद कर दी क्योंकि इनका अनुभव है 19 बार निलंबित वह एपीओ होने का 6 साल में तो अब 20 बार हो गए तो दादागिरी तो करेंगे ही अनुभव काम आता है शिवगंज नगर पालिका में श्रीमान ने जब से ज्वाइन की तब से लेकर पालिका के सभी कर्मचारी दुखी थे नहीं तो वह कोई काम करना पसंद करते थे और नहीं यह इस अधिकारी को पसंद करते हैं जब यह एपीओ हुए तब सभी ने मिठाई बाट कर वह बाजार के कुछ व्यापारियों व पार्षदों ने मिठाई बाटकर पटाखे छोड़े थे पर अगर अधिकारी ईमानदार होते तो क्या यह हो सकता था यह आप ईमानदार होते तो सभी दुखी होते हैं आंदोलन करते हैं धरना प्रदर्शन होता पर एक ने भी नहीं किया कि यह काम गलत हुआ सभी ने अच्छा ही माना अगर माननीय न्यायालय का फैसला के अनुसार एपीओ पर स्टे होने पर इन्हें निलंबित कर देना चाहिए वह इनको यह विभाग पसंद नहीं है दूसरे विभाग में भेज देना चाहिए कि वहां पर अंदर बैठे हुए नौकरी करें यह विभाग आम जनता के बीच का विभाग है क्योंकि जनता की सेवा नहीं करेंगे तो किसकी करेंगे जनता ही परेशान होगी तो अधिकारी किस काम के है इसलिए स्वायत शासन मंत्री झाबरसिह खरॉ को पाली आने पर पत्र ज्ञापन देकर भष्ट्राचार करने वाले डुडी को निलंबित करना चाहिए

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कैंटीन का किया निरीक्षण

## खाद्य पदार्थो की शुद्धता जांच के लिए भरे सैम्पल

द पुलिस पोस्ट





**भीलवाडा,** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी के निदेर्शानुशार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा शिकायत पर श्री कृष्ण रेस्टोरेंट, सेठ गजाधर मानसिंहका धर्मशाला ट्रस्ट में गरीब लोगो को स्वाभिमान भोजन उपलब्ध करवाने के लिए संचालित कैंटीन पहुँच कर निरीक्षण किया और मौके पर खाद्य पदार्थो की शुद्धता की जांच के नमूने लिये। सीएमएचओ डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि कैंटीन संचालक सुनील कुमार झा को परोसे जाने वाले भोजन में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपयोग में लेने, परिसर की साफ-सफाई रखने एवं अन्य कमियों को दूरस्त करने के लिए पाबंद किया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कैंटीन के किचन से लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, आटा, चावल, रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए जाकर शुद्धता की जाँच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर भिजवाया जाएगा। जांच की रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी, मनीष कुमार शर्मा एवं प्रयोगशाला सहायक प्रेमदत और गोपाल शर्मा शामिल रहे।

# खेत में जला रहे थे बेटी का शव,चिता छोड़ भागे' :दौसा में दहेज हत्या का केस दर्ज; मां बोली जहर देकर मर्डर किया

द पुलिस पोस्ट



**लालसोट-दौसा।** दौसा में 21 साल की महिला की मौत को लेकर पीहर पक्ष ने जहर देकर मारने और बिना बताए शव जलाने का आरोप लगाया है। घटना गुरुवार शाम 5 बजे जिले के लालसोट थाना इलाके के गांव डिगो का है। पीहर पक्ष के लोग बेटी के ससुराल पहुंचे तो खेत में शव जल रहा था। पीहर पक्ष को देख ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। डीएसपी उदय सिंह मीणा ने बताया- पुलिस मौके पर पहुंची तब तक शव लगभग पूरा जल चुका था। मृतका के पीहर पक्ष के लोग मौजूद थे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर मर्डर करने और जलाने के बाद सूचना देने का आरोप लगाया। ससुराल पक्ष के 5 लोगों (पति, सास-ससुर, ननद, चाचा ससुर) के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है।

### रिपोर्ट में मां ने बताया- अक्सर मारपीट करते थे

मृतका सुनीता देवी (21) की मां लाली देवी (47) ने लालसोट थाने में गुरुवार शाम हत्या का मामला दर्ज कराया। रिपोर्ट में बताया- सुनीता की शादी डिगो गांव के राजेश मीणा से 2019 में की थी। उसे 2 साल और 4 महीने की दो बेटियां हैं। शादी के बाद से ही बेटी को पति राजेश, ससुर फैलीराम, सास ग्यारसी देवी, चाचा ससुर हंसराज, ननद सुनीता दहेज के लिए परेशान करने लगे। मारपीट करते थे। सुनीता पीहर (शाहपुरा गांव, लालसोट) आ जाती तो मनाकर ले जाते थे। सुनीता प्रेग्नेंट हुई तो साल भर बेटी को पीहर रखा। बेटियां होने के बाद उसे दहेज के लिए ज्यादा परेशान करने लगे। गुरुवार शाम 5 बजे सुनीता के चाचा ससुर हंसराज ने मेरे भाई अशोक को फोन कर कहा कि तुम्हारी भांजी की मौत हो गई है। भाई ने मेरे देवर मुकेश को जानकारी दी। इसके बाद मैं, बेटा गणेश और देवर मुकेश शाम 5.30 बजे डिगो गांव पहुंचे। जहां एक खेत में ससुराल वाले शव को जला रहे थे। हमें देखकर वे शव जलता छोड़ फरार हो गए। डीएसपी उदय सिंह मीणा ने बताया- सुनीता के परिवार के लोगों ने गुरुवार शाम 5.45 बजे डिगो गांव से ही लालसोट एसएचओ हवा सिंह यादव को घटना की सूचना दी। पुलिस शाम 6 बजे मौके पर पहुंची। शुक्रवार की सुबह डीएसपी उदयसिंह मीणा के साथ एफएसएल की टीम गांव पहुंची और सबूत जुटाए। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भाई का आरोप- जहर देकर मारा

सुनीता के भाई गणेश ने बताया- 3 दिन पहले सुनीता का फोन आया था। तब उसने बताया कि ससुराल के लोग दहेज की मांग कर रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं। उसे कहते थे कि तेरे बाप के पास से क्या लाई थी, जा और रुपए लेकर आ। गुरुवार शाम को इन लोगों ने मेरी बहन को पहले पीटा फिर जहर देकर मार डाला। हत्या के बाद शव को आनन-फानन में घर से 500 मीटर दूर खेत में ले गए। थोड़ी सी लकड़ियां डालकर उसके ऊपर तेल डालकर शव जला दिया।

# पॉक्सो मामले में पुलिस की चूक, कोर्ट ने लगाई फटकार:आरोपी को छोड़कर उसके नाम वाले को किया पेश

द पुलिस पोस्ट

**अजमेर।** पॉक्सो मामले में फरार जिस आरोपी को पकड़ने के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था, उसकी बजाय पुलिस ने आरोपी के हमनाम दूसरे युवक को गलती से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया। इस बड़ी चूक पर कोर्ट ने जांच अधिकारी को फटकार लगाई और पकड़े गए युवक की जगह वास्तविक आरोपी को गिरफ्तार कर पेश करने के निर्देश दिए। मामला सरवाड़ थाने में नाबालिग लड़की के अपहरण दुष्कर्म से जुड़ा है। 2 जून 2023 को दर्ज इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी बोनी चौधरी को गिरफ्तार किया था। वारदात में उसका सहयोग करने वाले पवालिया मोर केकड़ी निवासी अशोक पुत्र जोधाराम और सुरेश पुत्र जगदीश जाट 21 दिसंबर 2023 से फरार हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ जांच पेंडिंग रखते हुए चार्जशीट भी अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या एक में पेश कर दी थी।

### प्रोडक्शन वारंट पर टोंक जेल से गिरफ्तार कर लाए

आईओ एसआई सत्यवान सिंह को सूचना मिली कि फरार आरोपी सुरेश टांक जेल में किसी अन्य मामले में बंद है। उसे डिग्गी पुलिस ने 24 जून को पकड़ा है। इस पर सरवाड़ पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के जरिए सुरेश को टॉक जेल से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन सुरेश ने खुलासा किया कि पॉक्सो एक्ट में वह नहीं बल्कि उसका पड़ोसी सुरेश वांछित है।

### सरपंच और अन्य लोगों ने की तस्दीक

मोर गांव के सरपंच और अन्य लोगों ने तस्दीक की कि पॉक्सो एक्ट में वांछित सुरेश पुत्र जगदीश जाट फरार है। गिरफ्तार युवक भी सुरेश पुत्र जगदीश जाट है। दोनों के नाम, पिता का नाम, पता और उम्र करीब 33 साल एक समान हैं।



# जिला परिषद अलवर : भ्रष्टाचार की शिकायतें चल रही थी एक पीए की.. निलंबन की मांग होने लगी किसी दूसरे पीए की

द पुलिस पोस्ट




जिला परिषद अलवर का मिजाज निराला है । यहां निर्दोष लोगों पर कार्रवाई होने में 1 मिनट नहीं लगता और दोषी यहां सालों से चांदी कूट रहे हैं । ऐसा ही मामला पिछले 1 महीने में देखने में आया। यहां दो निजी सहायक है। पहले 1 साल से एक निजी सहायक की भ्रष्टाचार की चर्चा पूरे जिले में थी। करीब 6 करोड़ 53 लाख के फर्जीवाडे की जो सूची 15 वित्त आयोग योजना के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज हुई उसमें भी यह बात सामने आई थी कि इस सूची पर किसी के भी हस्ताक्षर नहीं है तो यह सूची आखिर स्वीकृत होकर पोर्टल पर अपलोड कैसे हो गई। यहां के लोगों का कहना था कि एक निजी सहायक ने अपने स्तर पर सूची को बदल दिया और सूची पर हस्ताक्षर तक नहीं कराए गए । इसमें कुछ अधिकारियों की मिलीभगत थी । इसके बाद एक विधानसभा प्रश्न के जवाब में जिला परिषद ने बताया कि इस लिपिक को बतौर निजी सहायक नहीं लगाया गया केवल दफ्तर में पत्रावली संधारण का काम दिया गया है लेकिन तभी इस लिपिक ने बतौर निजी सहायक 8 साल पुराने बिल पेश करके कई लाख रुपये यात्रा भत्ता के उठा लिए। दफ्तर के कर्मचारी कहने लगे की विधानसभा को गुमराह क्यों किया गया और किस प्रकार फर्जी बिल पेश करके लाखों रुपए का चूना सरकार को लगाकर अपराध कारित किया। यदि विधानसभा को दी गई सूचना सही है तो पत्रावली संधारण के लिए लगाया गया व्यक्ति यात्रा कैसे कर सकता है और 8 साल के बाद बिल 2023 में क्यों पेश किए गए और 2016 के बिलों को किस से प्रमाणित कराया गया। यात्रा प्रोग्राम को किसने वेरीफाई किया और किस से अनुमोदन प्राप्त हुआ। तीसरी शिकायत जब सामने आई तो पता लगा कि जिला परिषद अलवर के लेटर पैड पर कुछ लोगों को तत्कालीन मुख्य कार्यकारी बनवारी लाल रमन के फर्जी हस्ताक्षर करके फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बांटे गए हैं । इन अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर लोगों को लिपिक के पद पर नौकरी मिल गई । अनुभव प्रमाण पत्र जिस हैंडराइटिंग में डिस्पैच किए गए हैं उस पर भी इसी निजी सहायक की हैंडराइटिंग होने की बात स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप तक पहुंचाई गई। एफएसएल जांच की भी मांग उठी । अब और भी कई मामलों में यह निजी सहायक उलझता क्योंकि लोकायुक्त के निर्देश पर अफसर ने एक टीम बनाकर 7 दिवस में जांच रिपोर्ट मांग ली, तभी यहां एक दूसरे निजी सहायक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे और फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र का मामला इस निजी सहायक से हटाकर दूसरे निजी सहायक के माथे डाल दिया गया। कुछ जनप्रतिनिधियों के खाली लेटर पैड पर दूसरे निजी सहायक की फर्जी शिकायतें भी लिखवा ली गई और निलंबन की मांग उठने लगी हालांकि इस बार अधिकारियों ने वह गलती नहीं की जो 2 साल पहले की थी । बिना आरोपों की जांच किए निजी सहायक को निलंबित नहीं किया गया । निलंबित करने की मांग करने वालों ने राज्य सरकार को शिकायत भेजी , राज्य सरकार ने भी टका सा जवाब देकर पहले जांच के लिए ही लिख दिया । मामला साफ हो गया कि पहले जांच होती है ना कि निलंबन ।अब दफ्तर के लोग कह रहे हैं कि भ्रष्टाचार कर रहा था एक निजी सहायक और उसे बचा कर निलंबन की मांग उठने लगी। पहले निजी सहायक के जब लिखित में मामले एसओजी, एसीबी और लोकायुक्त में चल रहे हैं तो मामले की जांचों को प्रभावित कर रहे इस निजी सहायक को निलंबित क्यों नहीं कर दिया जाता । विभाग के सयाने लोगों ने कहा कि समय आने पर इस निजी सहायक की गर्दन जांच एजेंसी की हाथों में होना तय है।

# Stop डायरिया कैंपिंग 2024 पर कार्यशाला का आयोजन

द पुलिस पोस्ट



**शिवगंज** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धना द्वारा आज पल्स पोलियों 2024 व stop डायरिया कैंपेनिंग 2024 पर एक दिवस की कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ सूर्य प्रकाश सैनी द्वारा सभी आशाओं को अपने-अपने क्षेत्र के जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चे को 30 जून को पल्स पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाने हेतु जनता में जागरूकता लाने का संदेश दिया साथ ही 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहे हैं भारत सरकार के स्टॉप डायरिया कैंपेनिंग के तहत जीरो से 5 वर्ष तक के डायरिया से हो रही बाल मृत्यु को रोकने हेतु जनता में जागरूकता अभियान प्रारंभ कर आशा सहयोगिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम को अपने दायित्व बाटे। वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर रतन सिंह राजपुरोहित द्वारा वर्तमान में चल रही आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थियों को 25 लख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है उसे जनता में जागरूकता चलाने और ऑनलाइन कार्ड डिलीवर एवं सत प्रतिशत केवाईसी करने हेतु आशा सहयोगिनी को पाबंद किया। Stop डायरिया अभियान के तहत डॉ सूर्य प्रकाश सैनी ने प्रत्येक फील्ड स्टाफ को ओआरएस का घोल और जिंक की गोली देने की विधि बताकर जनता को जागरूक करने हेतु सभी को दायित्व दिए जिसमें वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रामचंद्र शर्मा को लापोड, cho नरेश कुमार को दौलपुरा, एएनएम बिमला को धना, एएनएम सुशीला चौहान को बडगावड़ा व एएनएम रवीना को बड़ली को सत प्रतिशत डायरिया मुक्त एवं पल्स पोलियो टीकाकरण करने हेतु पाबंद किया इस समय ऊ़ड रितेश गर्ग, छ्अ तरुण, गुलाबराम, शिवाराम, आशा सहयोगिनी तारा, कमला, सोमी, सविता, डाली, सीता उपस्थित रही

## मंगरोप शमशान में किया आंशिक प्रर्दशन



द पुलिस पोस्ट

मंगरोप शमशान में आज जिला परिषद सदस्य जसवंत सिंह पुर्व सरपंच प्रतिनिधि अनिल खटीक भाजपा नेता भंवर किर २ॣ मोर्चा लोकेश खटीक रीकु वेष्णव गोपाल खटीक एवं ग्रामीण ने आज श्मसान में आंशिक प्रदर्शन किया उसी समय थाना अधिकारी ने मोके पर पहुंच कर शमशान के खड्डों को भरवाना चालु किया ओर भविष्य में रेत नहीं भरने के लिए पाबंद किया

## टीटहरी ने दीए अंडे



द पुलिस पोस्ट

मंगरोप बनास नदी के अन्दर टीटहरी ने अण्डे दीए जिससे ग्रामीणों ने ईसे अच्छा संकेत बताया ओर गांव वालों ने कहा कि यै बारीश के अच्छे संकेत है गांव के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे जिला परिषद सदस्य जसवंत सिंह पुर्व सरपंच प्रतिनिधि अनिल खटीक भाजपा के नेता लोकेश खटीक रीकु वेष्णव गोपाल राघव सोमानी भंवर किर व बहुत से ग्रामीण उपस्थित रहे

## शवानो के हमलो से गाय माताजी के बच्चे को घायल किया

द पुलिस पोस्ट



**शिवगंज** के राजेश्वर कॉलोनी मे शवानो के हमले से गाय के बच्चे को बुरी तरह घायल कर दिया जिसकी जानकारी स्थानिये लोगो ने एनिमल हेल्प रेस्क्यू टीम संचालक महीपाल रावल को दी जहा एनिमल हेल्प एम्बुलेंस से शिवगंज पशु चिकित्सालिए लाया गया जहा डॉक्टर शिवलालजी नोगिया और छरअ विशालमीना द्वारा इलाज किया किया इस मौके पर राजूबोराना कार्तिक मंडोरा पंकजमाली यशभाटी तनीश राजपुरोहित कृष्णामेवाड़ा मौजूद रहे

## जयपुर के स्टूडेंट के पास मिली इंटरनेशनल ड्रग एलएसडी

# स्टाम्प टिकट की तरह दिखती है, अमेरिका, रूस यूरोप में चलन; झाड़ू, कोण और वाइपर में एमडी की तस्करी

द पुलिस पोस्ट



**जोधपुर।** महाराष्ट्र से ड्रग इंडस्ट्री के राजस्थान में शिफ्ट होने के साथ ही इंटरनेशनल ड्रग मिलने का खुलासा हुआ है। पिछले 5 सालों में पहली बार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एलएसडी जब्त किया है। जो जयपुर के एक स्टूडेंट के पास मिला था। यह वो ड्रग है जिसे लेने के बाद इंसान को मतिभ्रम का एहसास होता है। सबसे खास यह कि यह स्टाम्प टिकट की तरह दिखता है। आम इंसान इसे पहचान ही नहीं सकता। एनसीबी जयपुर-जोधपुर जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी के अनुसार, तस्करों के लिए राजस्थान ड्रग खपाने का सबसे बड़ा एरिया बन चुका है। यहां इंटरनेशनल ड्रग जब्त होने के साथ ही अन्य प्रदेश और राज्यों से आए स्टूडेंट पैडलर के बड़े खरीदार बन रहे हैं। सोनी बताते हैं- तस्कर अब झाडू के कवर, अमेजॉन के पार्सल, मेंहदी के कोण और वाइपर के जरिए इसकी सप्लाई करते हैं।

### स्टूडेंट में डेवलप हुआ ड्रग कल्चर

इस पूरे मामले को लेकर एनसीबी के जोनल डायरेक्टर सोनी कहते हैं- राजस्थान में कोटा, चित्तौड़गढ़ यानी हाड़ौती बेल्ट अफीम और अन्य नशे का कल्टीवेशन एरिया है। जहां ड्रग्स की खेती होती है। पिछले 5 सालों में जोधपुर संभाग में नशे की खपत बढ़ी है। जयपुर, अलवर और एनसीआर के टच में आने वाले क्षेत्रों में आर्टिफिशियल ड्रग्स का चलन बढा है। इधर गंगानगर, हनुमानगढ़, बाड़मेर और जैसलमेर के एरिया में पाकिस्तान के जरिए ड्रोन से ड्रग्स आने की सूचनाएं मिलती रहती हैं। ये लोग स्टूडेंट्स को निशाना बनाते हैं। जिससे बाहर के राज्यों से आने वाले स्टूडेंट्स से यहां मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में इस्तेमाल हो रही ड्रग का कल्चर डेवलप हुआ है।

### एलएसडी का पहला मामला जयपुर में

सोनी बताते हैं- एनसीबी ने अप्रैल के महीने में पहली बार जयपुर से एलएसडी (लिसेर्जिक एसिड डाइएथाइलैमाइड) का पहला मामला पकड़ा था। यह ड्रग हाईप्रोफाइल लोग यूज करते हैं। ज्यादातर अमेरिका, रूस व यूरोपियन कंट्री में इसका यूज होता है। यह स्टांप टिकट की तरह नजर आता है। आसानी से आम लोग इसे पहचान नहीं पाते हैं। नशा करने वाले स्टूडेंट इस पेपर को अपनी जीभ पर रखते हैं। राज्य का पहला मामला जयपुर के स्टूडेंट्स का सामने आया।

### ऑनलाइन आर्डर हो रहा ड्रग

सोनी कहते हैं- जैसे-जैसे ड्रग्स का कल्चर बढ़ा है वैसे ही इसके बायर और सप्लायर भी शातिर होते गए हैं। पहले सामान्य तौर पर ट्रकों या पार्सल के जरिए इसकी खरीद फरोख्त हो रही थी। लेकिन, पुलिस इंटेलिजेंस और एनसीबी की सक्रियता के बाद तस्करों ने नए तरीके ईजाद कर लिए हैं। ऑनलाइन शॉपिंग ऐप अमेजॉन समेत अन्य कमर्शियल साइट से मारिजुआना ड्रग ऑर्डर हो रही है। इन वेबसाइट्स पर हर्बल लीव के नाम से गांजा, चरस व भांग के पत्ते मिल रहे हैं। एनसीबी ने जयपुर, ब्यावर व अजमेर में कार्रवाई कर ऐसे मामले उजागर किए हैं। यही नहीं स्टूडेंट बाय पोस्ट भी ऐसे सामान मंगवा रहे हैं। ठउइ ने जयपुर और जोधपुर आई डाक को इसी मई के महीने में होल्ड करवाया था। हालांकि, एडिक्ट (ड्रग खरीदने वाले) का नाम नहीं उजागर किया जा सकता है ऐसे में कार्रवाई को बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दिया जाता है।

### झाडू और मेहंदी के कोण में एमडी

जोनल डायरेक्टर सोनी बताते हैं- तस्करों ने ड्रग की सप्लाई का नया जरिया निकाला है। ये लोग अब झाडू, वाइपर, टॉफी और मेहंदी के कोण में एमडी सप्लाई करते हैं। कोण के अंदर एमडी का पाउच व उस पर मेंहदी होने से किसी को डाउट नहीं होता है। सोनी कहते हैं- कई ऐसे पैडलर भी हैं जो सिग्नल और कॉलेज के आसपास वाइपर बेचते हुए नजर आए। इंटेलिजेंस की सूचना पर जब वाइपर के खाली पाइप की जांच की गई तो इसमें एमडी ड्रग मिली। मार्केट में आने वाली फूल झाडू के पीछे लगे पाइप व काले कवर में भी ड्रग्स की सप्लाई होने के मामले सामने आए हैं।

### स्टाम्प पर लगी फोटो के नाम से एलएसडी का कोड

एलएसडी की स्टाम्प पर जिसकी फोटो लगी होती है, उसी नाम से उसे जाना जाता है। हर देश में जो टिकट वहां जारी हुई होती उसी टिकट का तस्कर इस्तेमाल करते हैं। फोटो मुताबिक ही इसका रेट तस्कर तय करते हैं।

### तस्करी में शामिल महिलाएं और बच्चे भी..

सोनी बताते हैं- राजस्थान में ड्रग्स सप्लाई में महिलाओं का इन्वॉल्वमेंट भी बढ़ा है। सप्लायर ऐसी महिलाओं को ढूंढते हैं जो सिंगल मदर हो आर्थिक रूप से कमजोर हो। ग्रामीण तबके से ताल्लुक रखने वाली महिलाएं विधवा, तलाकशुदा इनके जाल में फंस रही हैं। महिलाएं इस काम में अपने बच्चों तक को इन्वॉल्व कर रहीं हैं। सोनी कहते हैं- कई टीनेज युवतियां भी इस जाल में फंसी हैं, जो लग्जरी लाइफ के लिए ड्रग पैडलर बनीं हैं।

# गौवंश के लिए दवाई व हरा चारा दानदाताओं ने भेट की

## मूक-बधिर व बिमार गाय के लिए भेट की

द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के गो सेवक भरत प्रजापति के द्वारा लगातार गोवंशो गो माता की सेवा के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसमें दानदाताओं के द्वारा मुक बधिर गौ वंशों के लिए हरा चारा जल भरण अभियान दवाइयां भेंट करवाई जा रही है गोसेवक भरत प्रजापति ने बताया घुमंतू निराश्रित गौ माता गोवंशो के लिए हमारी टीम लगातार सेवा करने का प्रयास कर रही है जिसमें हमारे परम गौ भक्त विहिप प्रचार प्रसार प्रमुख अशोक माली विक्रम सिंह शेर सिंह भावेश रावल अन्य गो सेवक हर रोज सेवा के कार्य कर रहे हैं एवं



आज गो सेवक भरत प्रजापति की प्रेरणा से ?18000 की राशि की गोवंशो के लिए दवाइयां श्री कृष्ण प्राणी गो सेवा बजुरिया ट्रॉमा सेंटर में भेंट करवाई जिसके दानदाता बालाजी मोटर गैरेज सुमेरपुर के मालिक विक्रम सिंह सन ऑफ करण सिंह चाणौद एवं भाईजी की तरफ से भेंट की गो सेवक भरत प्रजापति ने सभी दानदाताओं का स्वागत कर धन्यवाद आभार व्यक्त किया

# डायरिया से होने वाली बच्चों की मौत से बचाव के लिए जिले में स्टॉप डायरिया अभियान का आयोजन एक जुलाई से

**भीलवाडा,** 28 जून। देश में 5 साल तक के करीब 5.8 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण डायरिया है। चिकित्सा विभाग का लक्ष्य है कि डायरिया से होने वाली मौतें आने वाले समय में शून्य हों। इस उद्देश्य से भारत सरकार के निदेर्शानुसार जिले में भी डायरिया पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग लेकर माइक्रो प्लानिंग एवं अधिकारी व कार्मिकों की पूर्ण सहभागिता के साथ कार्य किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि डायरिया नियंत्रण में राजस्थान की स्थिति राष्ट्रीय औसत एवं अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन अभी भी प्रदेश में हर वर्ष 3900 से अधिक बच्चों की मृत्यु डायरिया से होना चिंताजनक है। आगामी दो माह मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हैं। इसे देखते हुए पूर्ण तैयारियां की जा रही है। हमारा यही लक्ष्य हो कि एक भी बच्चे की मौत डायरिया से नहीं हो।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस-

डायरिया से अधिकांश मौतें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, कच्ची बस्ती, पिछडे. क्षेत्रों, बाढ़ या सूखाग्रस्त आदि इलाकों में सामने आती हैं। ऐसे संवेदनशील वर्गों एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष फोकस के साथ डायरिया रोकथाम गतिविधियों का संचालन किया जाए। स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही बच्चों को डायरिया से बचाव को लेकर जागरूक किया जाए। विद्यालयों में डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देश दिये गये है, इसके लिए अन्य विभागीय अधिकारियों का सहयोग लिया जायेगा।

## सम्पादकीय

# पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय

बीते कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो हैं ही, इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, उससे लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपर सैटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है, जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी (एन.टी.ए.) की स्थापना की थी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है।

सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्नपत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा यू.जी.सी. नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर.) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य अनिश्चित हो गए हैं। छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। एन.टी.ए. की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आऊटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं, कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांग की जा रही है। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एन.टी.ए. के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं लेकिन वे एन.टी.ए. की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को 2 माह का समय दिया गया है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं।

बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे, तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। एक ही एजैंसी से बार-बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिएं। दरअसल, कोचिंग सैंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाए जाते हैं।

# भाजपा को उत्तर प्रदेश में पराजय के बोध से उबरना ही होगा

**भाजपा का हर शुभचिंतक अपने अपने स्तर पर गहन समीक्षा कर रहा है किंतु क्या बीजेपी आलाकमान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनमानस की चिंताओं के साथ खड़े हैं या नहीं। महिलाएं भी अयोध्या पराजय पर चर्चा कर रही हैं कि फ्री राशन, घर, शौचालय, दवाई व राम मंदिर के बाद भी भाजपा क्यों पराजित हो गई? प्रदेश में भाजपा की पराजय के जो मुख्य बिंदु निकलकर सामने आ रहे हैं उसमें प्रत्याशियों का गलत चयन, राजग गठबंधन के नेताओं की गलत बयानबाजी, क्षत्रियों व राजपूतों की नाराजगी को हलके में ले लेना तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट जिहाद का हो जाना आदि तो था ही मीडिया की मानें तो संघ व भाजपा के बीच आतंरिक टकराव भी एक कारण रहा।**

मृत्युंजय दीक्षित।




उत्तर प्रदेश की जनता ने 2024 लोकसभा चुनावों में हैरान करने वाले चुनाव परिणाम दिये हैं। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने का नारा दिया था किंतु भाजपा गठबंधन मात्र 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गया। भाजपा अयोध्या वाले संसदीय क्षेत्र फैजाबाद तक से हार गई जहाँ प्रभु श्रीराम दिव्य भव्य एव नव्य राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं तथा विविध प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं । ये हार हर किसी को आश्चर्य में डाल रही है। आज भी हर तरफ यही चर्चा हो रही है कि अरे भाजपा फैजाबाद में कैसे हार गई ? आखिर क्यों, फिर यह चर्चा लंबी खिंच जाती है और भाजपा समर्थकों व शुभचिंतकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगती हैं कि अब होगा क्या? वर्तमान समय में जब नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में ऐसे ऐसे अदभुत कार्य हो रहे हैं जिनका प्रभाव हजार साल तक रहने वाला है उस समय संघ नेतृत्व ने इतनी बड़ी गलती क्यों कर दी? क्या वो सच ही मोदी जी का अहंकार तोड़ना चाहते थे या अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे थे? क्या स्वयं को मातृ संस्था कहने वालों को भी आत्मसंयम का परिचय नहीं देना चाहिए था? ये कठिन प्रश्न मीडिया और सोशल मीडिया में जंगल की आग की तरह फैल चुके हैं। इसे पूरे दावानल में आम सनातनी ठगा सा खड़ा है। प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया। इकरा हसन के समर्थकों ने हिन्दुओं पर हमला बोला और सोनभद्र में एक हिन्दू परिवार घर छोड़ने को विवश है, ऐसी ही अनेक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यव्यहार बढ़ता जा रहा है। राजधानी लखनऊ में वाहन जांच के नाम पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ अभद्रता की गई यद्यपि घटना के बाद ट्रैफिक दारोगा आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। राकेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस भाजपा का झंडा लगा देखकर वाहन को रोक रही है जब लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो रही है तब प्रदेश के दूसरे जिलों में क्या हाल हो रहा होगा। प्रदेश का पुलिस प्रशासन अभी भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त है तथा महिला थाने तक में पीड़ितों से रिश्वत मांगी जा रही है। हालाँकि अकबरनगर का अतिक्रमण हटाकर सरकार ने सख्त प्रशासन की अपनी छवि बचाने का प्रयास किया है। मीडिया की मानें तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने उप्र के अवध क्षेत्र की सीटों पर जीतने का जोर नहीं लगाया, अगर यहाँ पर ताकत लगा दी जाती तो भाजपा की कम से कम आठ सीटें तो और बढ़ ही जातीं किंतु मेड़ ही खेत से मुँह मोड़ चुकी हो तो क्या ही कहा जाए। आम सनातनी योगी मोदी की कम सीटों से दुखी है और समाचारों में देखता है कि ये संघ के असहयोग के कारण हुआ है तो उसका मन व्यथित होता है और संघ पर दशकों से किया गया विश्वास डगमगा जाता है। अहंकार किसी का भी हो लेकिन केवल योगी या मोदी नहीं, संघ भी हारा है और अस्तित्व की लड़ाई से जूझ रहा हिन्दू भी। लोकसभा चुनावों के मध्य भाजपा व संघ के बीच मनमुटाव के समाचारों, गलत प्रत्याशी के चयन और उससे भी आगे बढ़कर चयनित प्रत्याशी की गलतबयानी के कारण एक सबसे महत्वपूर्ण सीट हाथ से निकल गई, जिसका व्यापक नकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। रामभक्त विपक्ष के निशाने पर हैं, उनपर तंज कसे जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर व अयोध्या के विकास कार्यों पर फेक न्यूज़ फैलाई जा रही है, विपक्ष उसको हवा दे रहा है।

अभी हल्की बारिश में अयोध्या धाम के पुराने रेलवे स्टेशन की बाउंड्रीवाल गिर गई जिसको नए स्टेशन की बताकर विकास कार्यों पर कीचड़ उछाला गया। भला हो समय रहते जागरुक नागरिकों ने उसका खंडन कर दिया। उप्र में योगी ओर केंद्र में मोदी जी कमजोर हो गये तो नुकसान तो हिंदुत्व का ही होना है। संघ अगर अभी नहीं चेता तो उप्र में भी वहीं हालात हो जाएंगे जो केरल से लेकर तमिलनाडु और बंगाल तक हो रहा हैं। गैर बीजेपी शासित राज्यों में भाजपा और संघ के कार्यकताओं की हत्याएं हो रही हैं। संघ को अपनी शाखा तक लगाने तक में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हिंदू जनमानस अपने उत्सव तक नहीं मना पा रहा है। 2022 के विधानसभा चुनावों के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अपील करी थी कि जरा सी गलती से सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और 2024 में कुछ लोगों के संकुचित सोच के कारण वही गलती हो गई है। उत्तर प्रदेश में भी जब सपा, बसपा व कांग्रेस आदि दलों की सरकारें हुआ करती थीं तो संघ के स्वयंसेवक जब अपनी शाखा लगाने के लिए पार्कों में जाते थे तब सपा और बसपा के गुंडे व समर्थक भगवा ध्वज उठाकर बहा देते थे और स्वयंसेवकों के साथ दुर्व्यव्यहार किया जाता था। योगी राज मे कम से कम संघ की शाखाएँ सुरक्षित हैं। प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो गांवों में हिन्दू जनमानस अपने घरों में सुंदर कांड व रामचरित मानस का पाठ नहीं करा पाता था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को योगीराज में हो रहे हिन्दू हित के कार्यों पर भी अपनी दृष्टि डालनी चाहिए थी। लगता है कि योगी सरकार के अच्छे कार्य को संघ व संगठन की दृष्टि से नजरअंदाज कर दिया गया। संघ को विचार करना चाहिए कि 2017 के पूर्व प्रदेश के क्या हालात थे और अब क्या हालात हैं? अगर भाजपा और संघ के बीच मनमुटाव को तत्काल कम नहीं किया गया तो प्रदेश में रामराज्य की संकल्पना ध्वस्त हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा चुनावों में भाजपा की पराजय का एक बहुत बड़ा कारण प्रशासनिक अधिकारी व सरकारी कर्मचारी भी रहे जो योगी जी से केवल इसलिए छुटकारा पाना चाहते हैं क्योंकि इस सरकार में उन्हें काम करना पड़ता है। इनमें से कुछ खुले आम पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की आड़ में विरोधी दलों के साथ मिल गये और प्रदेश में बीजेपी की सीटें कम करवाने के लिए कोई कोरकसर नहीं छोड़ी। अनेक जगहों से समाचार प्राप्त हो रहे है कि कुछ अधिकारी खुलेआम बीजेपी को हराने के लिए ही काम कर रहे थे। समीक्षा बैठकों में खुलासा हो रहा है कि भाजपा सांसद, विधायकों व जिला टीम के साथ समन्वय व सामंजस्य का पूरी तरह अभाव था। अब जब भाजपा का विशेष जांच दल जिलों में जा रहा है तब उसके सामने ही मारपीट हो रही है।संगठन की तमाम कमियों की जानकारी सामने आ रही है। भारतीय जनता पार्टी जिन पन्ना प्रमुखों को प्रमुखता देती रही है उनमें बहुत से फर्जी निकल गये। संगठनात्मक दृष्टि से पन्ना प्रमुख एक बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा साबित हुआ। लखनऊ जैसे ससंसदीय क्षेत्र में एक भी पन्ना प्रमुख नहीं दिखाई पड़ रहा था तो अन्य जिलों में क्या हश्र हुआ होगा विचारणीय विषय है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की पराजय कष्टकारी है।

## शख्सियत



निकुंज सांघी
( ऑटोमोबाइल उधोगपति )

आज हमारी शख्सियत कॉलम के स्टार हैं निकुंज सांघी सर। जिन्हें अलवर की शान भी कहा जाता है ऑटोमोबाइल सेल्स,सर्विसेज और टेक्नोलॉजी के मास्टर्स के रूप में शुमार हैं। इन्हें ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ ऑटोमोबाइल लाइन का दिग्गज माना जाता है। वे लगभग सभी बिजनेस टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया पर ऑटोमोबाइल उद्योग से संबंधित मुद्दों पर मुखर रहे हैं, यहाँ एक बात ओर रखना चाहूंगा कि सरकार व प्रसाशन के आगे जैसे व्यसायी अपनी बात को विडंबना के चलते दबे स्वर में कहते हैं लेकिन यहाँ एकदम उल्टा है। सत्य और सार्थक वक्तव्यों को शाशन प्रशासन के सामने वे मजबूती के साथ रखते हैं। ये एक मजबूत व्यवसायी हैं जो कि व्यवसाय योजना, संचालन प्रबंधन, बिक्री और ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) में कुशल हैं। सांघी सर ऑटोमोटिव उद्योग में काम करने के सिद्ध इतिहास वाले एक अनुभवी मालिक है। वे आज महिंद्रा एंड महिंद्रा के शीर्ष 10 डीलरों में से एक हैं व हीरो मोटोकॉर्प के शीर्ष 10 डीलरों में भी शामिल हैं। उनकी डीलरशिप जे.एस. फोरव्हील मोटर्स के पास पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में कई अत्याधुनिक सुविधाएं हैं, जिनका टर्नओवर 300 करोड़ से अधिक है। सांघी एक प्रख्यात परोपकारी व्यक्ति हैं और जयपुर कैलगरी आई हॉस्पिटल और राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद, एसएमएल ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट सहित विभिन्न धर्मार्थ ट्रस्टों के ट्रस्टी हैं। इसके अलावा वह कई सामाजिक संगठनों का भी हिस्सा हैं। वह अधिकृत मोटर वाहन डीलर्स एसोसिएशन राजस्थान, अलवर ट्रैक्टर और ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक हैं और साथ ही औद्योगिक सलाहकार समिति सरकार के सदस्य भी हैं। राजस्थान, भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय जयपुर। वह भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, अलवर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष हैं। वह स्पीकिन, स्किल्स ट्रेनर, स्पेयर केयर सॉल्यूशंस और ऑटो स्पेयर्स इंडिया सहित विभिन्न स्टार्ट अप के सलाहकार बोर्ड में हैं। वे ऑटो रिटेल के उद्योग विशेषज्ञ हैं और उन्हें मोतीलाल ओसवाल, फिलिप कैपिटल, डैम कैपिटल, जेपी मॉर्गन, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज आदि जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फंडों द्वारा नियमित रूप से बुलाया जाता है। वे विभिन्न पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता रहे हैं, जिनमें से कुछ राजस्थान सरकार के हैं। अलवर शहर के सौंदर्यीकरण में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, ऑटोमोबाइल डीलर बिरादरी में अनुकरणीय योगदान - स्वाष्ठ, ईटी ऑटो रिटेल फोरम, वर्ल्ड ऑटो फोरम, विचार नेतृत्व में उत्कृष्टता - स्पीकिन, अनुकरणीय सेवा पुरस्कार ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद, मूल्यवान विशेषज्ञ - ऑटो रीमार्केटिंग फोरम। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, होंडा पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, केल्विनेटर ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता। यही नहीं इनके अनेकों आर्टिकल्स(आलेख) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रों, दैनिक समाचार पत्रों, तकनीकी पत्रिकाओं और पत्रिकाओं में प्रकाशित किये गए हैं। सांघी सर राजस्थान विश्वविद्यालय से वाणिज्य में ऑनर्स स्नातक हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक भी किया है। वह एक योग्य कंपनी सचिव हैं और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के सदस्य हैं। हमेशा ऊर्जावान बने रहने,स्वस्थ रहने व ऐसे ही सरल व सहज बने रहने की कामना दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम ईश्वर से इनके लिए कर रही है। आपके अनुभवों का लाभ ऐसे ही नवयुवाओं व उधोगपतियों को सदैव मिलता रहे।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास


### 29 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सिकंदरबेग ने 1444 में ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हरा दिया था।
- विलियम शेक्सपियर का ग्लोब 1613 में थियेटर आग लगने से क्षतिग्रस्त हुआ।
- इवान विहोव्सकी के नेतृत्व वाली यूक्रेन की सेना ने 1659 में प्रिंस त्रुबेत्सकॉय के नेतृत्व में रूसी सेना को कोनोटोप युद्ध में पराजित किया।
- ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर रॉबर्ट पील 1850 में घुड़सवारी के दौरान गिर गये जिसके तीन दिन बाद उनका निधन हो गया।
- यूनान, सर्बिया, मोन्टे नेग्रो, रोमानिया और उस्मानी शासन के साथ बुल्गारिया का युद्ध 1913 में आरंभ हुआ जो दूसरे बाल्कान युद्ध के नाम से जाना जाता है।
- सोवियत संघ और चीन ने 1932 में अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किये।
- अभिनेत्री मार्लिन मुनरो ने 1956 में पटकथा लेखक आर्थर मिलर से विवाह रचाया।
- बीबीसी के अध्यक्ष ने 1960 में आज ही के दिन घोषणा की थी कि संस्था का नया टेलीविज़न केंद्र टेलीविज़न जगत की दुनिया का 'हॉलीवुड' होगा।
- अमेरिका ने 1966 में उत्तरी वियतनाम के निकट ईंधन भंडारण की सुविधा पर बम गिराये।
- मारिया एस्तेला ईसाबेल मार्टिनेज़ दी पेरोन ने 1974 में अर्जेन्टीना की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली थी।
- सिशेल्स द्वीप समूह को 1976 में स्वतंत्रता मिली इसके बाद से यह दिन इस देश में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- सोवियत संघ के विघटन के बाद पूर्वी देशों के सहयोग संगठन 'कामकोन' को 1991 में भंग कर दिया गया।
- विश्व की प्रमुख कंपनी आई।बी।एम। द्वारा विश्व का सबसे तेज कम्प्यूटर 2000 में निर्मित।
- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश के कोलोनोस्कोपी उपचार शुरु होने की वजह से उप-राष्ट्रपति डिक चेने ने 2002 में ढाई वर्ष तक कार्यकारी राष्ट्रपति का कार्य संभाला।

## विशेष आलेख

# जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता?

डॉ. सत्यवान सौरभ।



सामाजिक स्तरीकरण मुख्यतः जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दर्शाता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुंच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि-आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति-धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है, क्योंकि भारतीय समाज वैदिककाल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएं और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियां आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। जाति धर्म के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती। कई बार जाति और साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई। लोकतंत्र मानव समानता की अपेक्षा करता है, लेकिन जाति व्यवस्था असमानता में विश्वास करती थी और इसमें पदानुक्रमिक व्यवस्था थी। आज जाति राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए एक विषय के रूप में प्रकट हुई है, जैसे शैक्षणिक कॉलेजों, सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण। सती प्रथा, बाल विवाह आदि जाति व्यवस्था का परिणाम थे। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता था। यह पितृसत्तात्मक व्यवहार आज भी प्रचलित है। दलितों पर अत्याचार, निचली जाति की महिलाओं पर यौन उत्पीड़न आदि ऐसे भेदभाव और शोषण का परिणाम हैं जो बदले में भारतीय समाज में गहराई से जड़ जमाए हुए जाति और सांप्रदायिक पहचान का परिणाम हैं। हाथ से मैला ढोना अंततः एक जाति-आधारित व्यवसाय बन गया, जिसमें बाल्टी वाले शौचालयों या गड्ढे वाले शौचालयों से अनुपचारित मानव मल को हटाना शामिल है। इसे मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 द्वारा आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है।

दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था। हाथरस में एक दलित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है। इन्हें समुदाय द्वारा जाति पंचायत नामक एक शासी निकाय या बोर्ड के माध्यम से खुले तौर पर लागू किया जाता है। उच्च जातियों ने अनुष्ठान, आध्यात्मिक और नस्लीय शुद्धता का दावा किया, जिसे उन्होंने प्रदूषण की धारणा के माध्यम से निचली जातियों को दूर रखकर बनाए रखा। प्रदूषण का अर्थ है कि निम्न जाति के व्यक्ति का स्पर्श उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित या अपवित्र कर देगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**वृष**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**मिथुन**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**कर्क**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

**सिंह**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें।

**कन्या**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**तुला**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृश्चिक**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

**धनु**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**मकर**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**कुंभ**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**मीन**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

# भाजपा के जिला उपाध्यक्ष को नही छोडा अधिशाषी अधिकारी डुडी न

## बिदंल राजस्थान सरकार के मंत्रीओ व पदाधिकारी व अधिकारियों को मिलकर वास्तविक स्थिति बताई

## भष्टाचार ब्यूरो मे परिवाद दर्ज होने के बाद किया एपीओ

द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** नगर पालिका के अधिकारी प्रकाश डुडी के खिलाफ स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत सहित निर्देशक स्वायत शासन विभाग निर्देशक भ्रष्टाचार ब्यूरो निदेशक पुलिस विभाग पूर्व राज्यसभा सांसद ओमप्रकाश माथुर वह वह भारतीय जनता पार्टी के संग के पूर्व महामंत्री प्रकाश गुप्ता साहब को मिलकर शिवगंज नगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रकाश डुडी को निलंबित करने की मांग की गई थी सबको बताया गया की केंद्रीय सरकार की योजना जो के अनुसार बड़ा प्लान लगाने की योजना के पट्टे उस पट्टे को संपूर्ण कार्यवाही होने के बाद पैसों के लिए अटका कर रखना दलालों के हाथो पर लटका के रखना इसका पैसा मिलेगा और पट्टा जारी करेंगे जब 10 जुन को भ्रष्टाचार ब्यूरो व स्वायत शासन विभाग के निर्देशक को पत्र दिया तब उन्होंने कारवाई की होगा तब अधिशाषी अधिकारी डुडी ने तुरंत फोन करके पैसा मंगवा कर शाम को 6:00 बजे के बाद पट्टा भी जारी कर दिया और घर पहुंचा दी कैसे हुआ पट्टा जारी अगर







तकनीकी अधिकारी की रिपोर्ट बाकी थी तो पट्टा जारी हुआ कैसे फिर पैसे की बात को लेकर सभी मंत्रियों व विभाग पदाधिकारी व अधिकारियों को मिलने पर बात कही व भष्टाचार ब्यूरो मे परिवाद दर्ज करवाया परिवाद संख्या एच 1095/2024 दिनांक 10-6-2024 को दिनेश बिंदल ने डुडी के खिलाफ करवाया गया दर्ज तब उन्होंने कहा कि वैसे भ्रष्टाचारियों को दिल्ली भेजना चाहिए वहां पर भ्रष्टाचारियों के साथ भ्रष्टाचारी नौकरी कर सके राजस्थान में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ईमानदार सरकार स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री और निर्देशक दोनों इमानदार है फिर यह अधिकारी पैसों की मांग कैसे करते हैं इन्होंने छोटी-छोटी बातों में भी लाखों रुपए की मांग की है तो यह तो बड़ी बात थी तो 17 लॉख रुपए की मांग करेंगे इन्होंने बगीचों के रख रखाव के लिए प्रति माह 1 लॉख 30 हजार कमीशन खाने के लिए सरकार को प्रतिमाह 130000 का चूना लगा लिया 60 हजार टेंडर की रेट में 130000 का भुगतान होता रहा है ईमानदार कैसे हुए इनका 6 साल में 19 बार ट्रांसफर व एपीओ किया है यह महोदय जहां पर भी रहे वहां पर उल्टा सीधा काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है शिवगंज नगर पालिका में जब से श्रीमान कार्यभार ग्रहण किया तब से लेकर आज तक के कार्य स्टोर शाखा भूमि शाखा खार्चा भूमि निर्माण स्वीकृति सहित सफाई के नाम पर की पत्रावलियों की जांच करवाई जाए तब पता चल जाएगा की श्रीमान ने कितने करोड़ का घोटाला किया सब की जांच होनी चाहिए और श्रीमान ने जो दलाल पाल के रखे हैं ऐसे दलालों को पालिका में आने पर रोक होनी चाहिए सबसे ज्यादा भूमाफिया ही इनके दलाल है जो आकर पूरे दिन उनके रूम में बैठकर ग्राहकों को सेट करते रहते हैं श्रीमान को निलंबित करना चाहिए श्रीमान ने स्टे लाकर स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के एपीओ के आदेश पर तमाशा मारा है स्वायत्त शासन विभाग को इसलिए इन्होंने के एक आदेश जो 22 जनवरी 2024 को जारी हुआ उसके तहत जब तक डीएलबी का आदेश नहीं होता है तब तक यह ज्वाइन नहीं कर सकते पर यह



श्रीमान तो डीएलबी से ऊपर है इसलिए इनकी जांच करवा कर तुरंत कार्रवाई करावे वह निलंबित करावे व भष्ट्राचारीओ के विरुद्ध कारवाई की माँग करते शिवगंज की जनता की तरफ से

## लेदर गुड्स प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई तक करे आवेदन

द पुलिस पोस्ट

**भीलवाडा,** वित्तीय वर्ष 2024-25 में चर्म प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भीलवाड़ा द्वारा लेदर गुड्स निर्माण का 2 माह का प्रशिक्षण माह जुलाई से प्रारम्भ किया जाएगा । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान चमड़े के विभिन्न आईटम जैसे बेग, पर्स, बेल्ट व अन्य उपयोगी वस्तुएं बनाने को लेकर 20 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलम्बी बनाने के प्रयास किये जाएंगे। महाप्रबन्धक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्ति के लिए अनुसूचित जाति के 18 से 35 वर्ष के इच्छुक युवक युवतियां 10 जुलाई, 2024 तक तक आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अनुभवी मास्टर क्राफ्टसमेन (प्रशिक्षक) एवं सहयोगी के लिये भी आवेदन पत्र 10 जुलाई तक आमंत्रित किये गये है। प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षक/सहायक का चयन प्राप्त आवेदन-पत्रों में से निर्धारित कमेटी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। दो माह के प्रशिक्षण समाप्ति पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रुपए तक का टूल किट एवं स्टाई फंड के रूप में एक हजार रुपए प्रदान किये जाएगें। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए 10 जुलाई तक आवेदन करें। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र के प्रारूप हेतु कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में कार्यालय समय में आकर सम्पर्क कर सकते है।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव शनिवार को

## जिला स्तरीय कार्यक्रम महाराणा प्रताप सभागार टाउनहॉल में होगा आयोजित,

**भीलवाड़ा,** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त लगभग 20 हजार अभ्यर्थियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान इन्हें वेलकम किट दी जाएगी। रोजगार विभाग के उपनिदेशक मुकेश गुर्जर ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम महाराणा प्रताप सभागार भवन टाउनहॉल में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिले के 477 लाभार्थियों को दूरभाष, ई-मेल व एसएमएस के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इसे वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर नमित मेहता ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए है। युवाओं के बैठने, पेयजल, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, कार्यक्रम स्थल पर वीडियो वॉल लगाने सहित सभी कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

## किरोड़ी के तबादलों पर दिलावर बैकफुट पर:इंजीनियरों के ट्रांसफर को गलत बताकर जॉइनिंग रोकी, अब नए आदेश में लिखा हमें आपत्ति नहीं

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी के बाद किए गए तबादलों को रोकने के आदेश से अब पंचायतीराज विभाग ने यू-टर्न ले लिया है। पहले कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में इंजीनियरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग को गलत बताने के आदेश को अब पंचायतीराज विभाग ने बदल दिया है। पहले जिन तबादलों को गलत बताया था, अब उन्हें सही ठहरा दिया है। पंचायतीराज आयुक्त ने अब दूसरा आदेश निकालकर कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादलों को सही ठहरा दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के सामने मंत्री मदन दिलावर बैकफुट पर आ गए।

### नए आदेश में लिखा- जॉइनिंग करवाने पर कोई आपत्ति नहीं

पंचायती राज आयुक्त रवि जैन ने अब सभी जिला परिषदों को नया लेटर जारी कर 25 जून को जारी आदेश को 27 जून को देर शाम बदल दिया है। नए आदेश में तर्क दिया है कि पहले वाले तबादलों पर आपत्ति नहीं है। अब तर्क दिया है कि विभागीय पदों का मतलब ग्रामीण विकास पंचायतीराज कैडर के लिए जिला परिषदों और पंचायत समितियों में असिस्टेंट इंजीनियर (अएठ) और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ए७.एठ) से है।

जलग्रहण विकास और भू-संरक्षण विभाग के इंजीनियरिंग कैडर के स्वीकृत पदों पर पोस्टिंग किए जाने की स्थिति में जॉइनिंग करवाने पर इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। सभी जिला परिषदों को अब यह ताजा आदेश भेजकर स्पष्टीकरण दिया है।




**किरोड़ीलाल मीणा**
कृषि मंत्री और ग्रामीण विकास विभाग



**मदन दिलावर**
शिक्षा मंत्री और पंचायती राज विभाग

### पहले लिखा था- कृषि विभाग ग्रामीण विकास के पदों पर पोस्टिंग नहीं कर सकता

पंचायतीराज आयुक्त रवि जैन ने 25 जून को जिला परिषदों के सीईओ को लेटर जारी किया था। जिसमें लिखा था कि कृषि विभाग ने उनके विभाग के इंजीनियरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग बिना पंचायतीराज विभाग की मंजूरी से जिला परिषदों, पंचायत समितियों में किया है। कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादले बिना पंचायती विभाग की अनुमति से करना उचित नहीं है। कृषि विभाग पंचायती राज विभाग के पदों पर पोस्टिंग करने करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है। पहले भी समय-समय पर कृषि विभाग को बिना विभाग की अनुमति या सहमति के ट्रांसफर, पोस्टिंग नहीं करने के लिए लेटर लिखे गए थे। इसके बावजूद कृषि विभाग, कृषि आयुक्तालय उनके विभाग के इंजीनियरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग बिना मंजूरी कर रहा है। इसे विभाग में सक्षम स्तर पर गंभीरता से लिया गया है।



### विवाद के बाद अब डैमेज कंट्रोल, इसीलिए बदला आदेश

पंचायतीराज आयुक्त के आदेशों के बाद विवाद गहराने के संकेत मिल रहे थे। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस पर आपत्ति जताई थी। सियासी हलकों में भी यह विवाद चर्चा का विषय बन गया था। विवाद बढ़ने का नरेटिव बनते देख सरकार ने डैमेज कंट्रोल किया। पुराने आदेश को बदल कर हालात सामान्य बनाने का प्रयास किया गया। यह विवाद ऐसे समय पर उठा है जब विधानसभा का सत्र शुरू होने में केवल 5 दिन बचे हैं। विपक्ष मंत्रियों के बीच टकराव का मुद्दा जरूर उठाएगा, इससे बचने के लिए सुलह का रास्ता अपनाया गया है।

### पंचायतीराज आयुक्त ने खुद के आदेशों को ही गलत ठहराया

मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और मदन दिलावर के बीच खींचतान की वजह से पंचायतीराज आयुक्त पर सवाल खड़े हो गए थे। आयुक्त ने खुद के आदेशों को ही गलत ठहरा दिया था। आयुक्त ने पहले जिन तबादलों को गलत बताया, उन्हें खुद ही सही ठहरा दिया। इस पूरे प्रकरण में जिस तरह आयुक्त ने लिखित यू-टर्न लिया, इससे गफलत और टकराव के दस्तावेजी सबूत भी बन गए हैं।

### जॉइन नहीं करवाने के दिए थे आदेश

ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला परिषद सीईओ को लेटर जारी कर कृषि विभाग से जारी किए गए तबादला आदेशों को नहीं मानने को कहा था। आदेशों में लिखा था कि कृषि विभाग ने ग्रामीण विकास के पदों पर जिन्हें पोस्टिंग दी है, उन्हें जॉइन नहीं करवाया जाए और जिन्होंने जॉइन कर लिया है उन्हें तत्काल रिलीव कर मूल विभाग भेज दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

# फर्जी महिला एसआई के घर मिले 7 लाख रुपए:पुलिस की 3 वर्दी, इंटरनल एग्जाम के पेपर भी मिले; आरपीए में ले चुकी ट्रेनिंग

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर ट्रेनिंग करने वाली मोना के घर पर गुरुवार देर रात शास्त्री नगर थाना पुलिस ने सर्च किया। इस दौरान मोना के घर से पुलिस की कई वर्दियां, इंटरनल एग्जाम के पेपर और 7 लाख रुपए समेत अन्य सामान मिला है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डूडी डोगरा ने बताया- नागौर जिले के निम्बा के बास की रहने वाली मोना बुगालिया उर्फ मूली के खिलाफ कार्रवाई की गई है। युवती ने फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर आरपीए में ट्रेनिंग करने वाले रही थी। इसका खुलासा होने के बाद से वह फरार चल रही है। डोगरा ने बताया कोर्ट की ओर से गुरुवार देर शाम सर्च वारंट मिला। इसके बाद रात 9 बजे शास्त्री नगर के मेजर शौतान सिंह कॉलोनी स्थित मोना के किराए के कमरे पर सर्च किया गया। तलाशी में कमरे में 7 लाख रुपए, तीन



वर्दी, आरपीए के इंटरनल एग्जाम के पेपर और अन्य डॉक्युमेंट मिले। पुलिस टीम ने सर्च में मिली सभी चीजों को जब्त कर किया है।

### आरपीए में ट्रेनिंग ले चुकी थी मोना

29 सितंबर 2023 को आरपीए के आरआई रमेश चंद ने मूली उर्फ मोना के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। मोना फजीर्वाड़े में आरपीए में ट्रेनिंग ले चुकी थी। जो वर्दी में ज्यादातर समय आरपीए कैंपस में रहती थी। ट्रेनिंग करने वाले थानेदारों को वो पिछले बैच की अभ्यर्थी बताकर ट्रेनिंग कर रही थी। मोना बुगालिया सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मोना के पिता खेती करते थे और बाद में ट्रक ड्राइवर बन गए थे। सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में मोना का चयन नहीं हो पाया था। तीन साल पहले जब अंतिम रिजल्ट आया तो मोना ने सोशल मीडिया पर खुद के सब-इंस्पेक्टर में चयनित होने की खबर फैलाई थी। रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने सिलेक्शन पर बधाई दी थी। मोना हर किसी को अपने संघर्ष की कहानी बताने लगी कि कैसे परिवार की आर्थिक हालात कमजोर होने के बावजूद उसने संघर्ष से मुकाम हासिल किया था।

### खुद को आईबी की सब-इंस्पेक्टर भी बताती थी

मोना बुगालिया को पता लग गया था कि आरपीए में कई बैच के सब-इंस्पेक्टर ट्रेनिंग कर रहे थे। वो इस कंन्फयूजन का फायदा उठाने लग गई। आरपीए में आईबी के कैंडिडेट्स भी ट्रेनिंग करने आते थे। एक बार ट्रेनिंग कर रहे रकने मोना से पूछा कि तुम कौनसे बैच से हो? मोना को पता था कि उस कैंडिडेट की बैच 48 में भी जान पहचान है। ऐसे में उसने खुद को आईबी की कैंडिडेट बताया था। मोना आरपीए ट्रेनिंग सेंटर में अलग-अलग बैच के कैंडिडेट्स के ट्रेनिंग करने के कंन्फ्यूजन का फायदा उठाकर ट्रेनिंग करती रही थी।

# नाले में गिरकर युवक की मौत, परिजनों ने दिया धरना:बोले जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो, मुआवजा भी मिले, बरसात में नाले ओवरफ्लो

द पुलिस पोस्ट

**जोधपुर।** जोधपुर में पहली बरसात में ही खुले नाले ओवरफ्लो होकर सड़क पर पानी बहने लगा। पानी के तेज बहाव में गुरुवार को भी एक स्टूडेंट की नाले में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने शुक्रवार को हॉस्पिटल में हंगामा कर धरने पर बैठ गए। उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और मुआवजा देने की मांग की है। जोधपुर में गुरुवार शाम को तेज बरसात हुई थी। इस कारण सड़कों पर पानी भरने के साथ ही खुले नाले भी भर गए। पानी सड़क के लेवल तक आ गया। इस बारिश में एयरपोर्ट रोड पर नाले में गिरने से तगाराम पुत्र नरपत राम मेघवाल की गिरने से मौत हो गई थी। वह शेरगढ़ थाना क्षेत्र के सुवालिया गांव का रहने वाला था और एयरपोर्ट रोड पर ऑफिसर मैस के पास अपने भाई के साथ किराए के कमरे में रहता था।

### पैदल बाजार में सामान लेने गया था

युवक गुरुवार शाम को बारिश बंद होने के बाद अपने कमरे से पैदल ही सामान लेने के लिए निकला था। इस बीच सड़क किनारे खुले नाले के पास से निकलने लगा। पानी भरा होने की वजह से उसे नाले का पता नहीं लगा और डूबने से मौत हो गई।

### एमडीएम हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में भी भरा पानी

हादसे के बाद नगर निगम की लापरवाही सामने आई है। सूचना के बावजूद निगम की टीम देरी से मौके पर पहुंची। नगर निगम के दो कर्मचारियों ने युवक को बाहर निकाला और मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एमडीएम हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में भी पानी भर गया, जिसकी वजह से फ्रिज में भी करंट प्रवाहित होने लगा। ऐसे में देर रात शव महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया गया।

# ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या:15 दिनों से खुहड़ी गांव के निवासी परेशान; पंखे तक नहीं चल रहे

द पुलिस पोस्ट

**जैसलमेर।** जैसलमेर से 45 किमी दूर खुहड़ी गांव के निवासी पिछले 15 दिनों से बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में दिन-दिन भर बिजली गुल रहती है। साथ ही बिजली आने पर वोल्टेज भी नहीं आने से लोग खासे परेशान है। ग्रामीण अमर सिंह सोढा का कहना है कि बिजली विभाग बिल्कुल भी सुनवाई नहीं कर रहा है। अमर सिंह ने बताया कि पंखे तक नहीं चल रहे हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी और उमस में लोगों के बुरे हाल है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से लेकर बिजली विभाग के सभी उच्च अधिकारियों तक फरियाद करली है, मगर अभी तक कहीं भी सुनवाई नहीं है। कलेक्टर को भेजे ग्रामीणों ने



बताया कि- खूहड़ी बिजलीघर में कर्मचारियों की कमी है। साथ ही ठेककर्मी भी कम है या उन्हें कहीं और भेज दिया गया है। अब ग्रामीणों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। बिजली के उपकरण आदि जल रहे हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हो रहा है। गांव में स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा की शाखा में भी बिजली की समस्या होने से बैंक के काम भी नहीं हो रहे हैं। अब बारिश होने के कारण लोग खेतो में बुवाई के लिए जा रहे है मगर कृषि कनेक्शन में बिजली नहीं आने से किसानों के लिए भी मुसीबत हो गई है। ऐसे में सभी ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द बिजली की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है। गौरतलब है जैसलमेर के ग्रामीण इलाकों में बिजली की भारी समस्या चल रही है। ऐसे में कई बार बिजली कई दिन तक गुल रहती है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को बिजली की लगातार सप्लाई नहीं मिलने से लोग खासे परेशान है। लोगों का कहना है कि 24 घंटे में महज 5-6 घंटे ही बिजली मिलती है। मगर उसमें भी वोल्टेज की समस्या होने से लोग गर्मी से परेशान है। ग्रामीण ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर पिछले 15 दिनों से आ रही बिजली की समस्या को दूर करने की मांग की है।

# सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगी:कंपनी ने 5 महीने बाद वापस इंडिया भेजा, 1.43 लाख रुपए ऐंठे

द पुलिस पोस्ट

**सीकर।** सीकर के धोद थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रिश्तेदार ने ही बेरोजगार युवक को झांसे में लिया। अब पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीकर के धोद इलाके के रहने वाले मोहसिन बहलीम ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया है कि ऐजाज उसका रिश्तेदार है। मोहसिन के बेरोजगार होने के चलते ऐजाज ने उसे कहा कि तुझे सऊदी अरब में नौकरी लगवा दूंगा। वहां हर महीने 200 रियाल वेतन मिलेगा। ऐजाज ने कंपनी का नाम SI SÔudi Icof Compfy Ltd. बताया। नौकरी लगवाने के बदले उसने 1.43 लाख देने को कहा। इसके अलावा मेडिकल और एयरपोर्ट पर आने-जाने के 27 हजार रुपए अलग बताए। मोहसिन ने 1.43 लाख रुपए ऐजाज को दे दिए और



ऐजाज ने उसके 27 हजार रुपए खर्च करवाए। इसके बाद उसे मुंबई से फ्लाइट होना बताया। लेकिन जब मोहसिन मुंबई पहुंचा तो वहां से कोई भी फ्लाइट नहीं थी। ऐसे में मोहसिन वापस घर पर आ गया। जब इस बारे में मोहसिन ने ऐजाज को उलाहना दिया तो उसने नवंबर 2023 में दिल्ली से सऊदी अरब भिजवा दिया लेकिन वहां मोहसिन को दूसरी कंपनी में सप्लाई के काम में लगा दिया गया। जहां पर मोहसिन को काफी परेशान किया जाता। 5 महीने बाद उसे वापस इंडिया का टिकट देकर भेज दिया गया। वापस आकर जब मोहसिन ने यह बात ऐजाज को बताई तो अब उसने पैसे लौटाने से ही मना कर दिया।

# खेत पर करंट लगने से गाय की मौत:ट्रांसफॉर्मर पर काम के दौरान पेड़ से बांधे तार से टच होते ही गई जान

द पुलिस पोस्ट

**राजसमंद।** राजसमंद में कुंवारिया थाना सर्कल में खंडेल गांव में एक खेत में विद्युत तार की चपेट में आने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई है। दोपहर में किसान जगदीश चंद्र शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा जब अपने खेत पर पहुंचा तो उनकी दुधारू गाय मृत अवस्था में पड़ी मिली। गाय के सींग के पास धुआं निकल रहा था। यह देख जगदीश चंद्र शर्मा ने बिजली निगम को सूचना देकर मौके पर बुलाया। जहां बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बिजली विभाग के कर्मचारी पास में स्थित किसान के खेत पर ट्रांसफॉर्मर में तार जोड़ने के लिए विद्युत लाइन को खींचने का कार्य कर रहे थे कि एक तार को उन्होंने बबूल के



यहां बांध दिया था उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। ऐसे में खेत पर घास चर रही एक गाय करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं किसान जगदीश चंद्र शर्मा ने मौके पर पुलिस को भी सूचना दी एवं बिजली निगम की लापरवाही के चलते मुआवजा राशि की मांग की है। जानकारी के अनुसार घटना को लेकर किसान ने 60 हजार रुपए का नुकसान बताया। दुधारू गाय गिर नस्ल की थी जिसकी विद्युत चपेट में आने से मौत हो गई । घटना की जानकारी के बाद मौके पर बिजली निगम के कर्मचारी एवं कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# घर में सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या:खाट पर खुन से लथपथ मिला शव, जवाई घर पहुंचा तो चला घटना का पता

द पुलिस पोस्ट

**बूंदी।** घर में सो रहे बुजुर्ग की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। जवाई घर पहुंचा तो घटना का पता चला। दबलाना सीआई मनोज सिकरवार ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एफएसएल की टीम व डॉग स्क्वायड हत्या से जुडे साक्ष्य जुटाए। घटना हिंडोली थाना क्षेत्र के गोठड़ा गांव गुरुवार रात को हुई। दबलाना एसएचओ मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि गोठडा गांव में घर पर अकेले सो रहे बुजुर्ग किसान गिरधारी लाल माली (65) पुत्र शंकर लाल माली की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। सुबह करीब 8 बजे वारदात का उस समय पता लगा जब घर पहुंचे जवाई ने बुजुर्ग को खून से लथपथ खाट पर पडे.देखा। सुबह करीब 9 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया सामने आया है कि बुजुर्ग घटना स्थल पर अकेला था। वारदात के समय घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था। मृतक की पत्नी अपनी बेटी से मिलने



उसके ससुराल गई हुई थी। बेटा मोहन सैनी खेत पर बने मकान में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। मृतक के कानों में सोने के मुर्की और हाथों में चांदी के कड़े मिले हैं। मृतक खेती के साथ ब्याज का काम भी करता था। वारदात की हर एंगल से जांच की जा रही है। हत्या की सूचना पर एएसपी उमा शर्मा व डीएसपी घनश्याम मीणा मौके पर पहुंचे व मामले की जानकारी जुटाई।

### सिर व गले पर गंभीर घाव

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने बताया कि मृतक के सिर और गले पर धारदार हथियार के गंभीर घाव मिले हैं। पुलिस ने हिंडोली अस्पताल की मॉच्युरी में पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

### दामाद आया तब चला हत्या का पता

मृतक का दामाद श्योजी लाल सैनी सुबह 8 बजे अपने ससुर गिरधारी के घर खाद बीज लेने आया था। तब मकान के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था बार-बार आवाज देने पर कोई नहीं बोला तो वह पड़ोसी के मकान पर चढ़कर मृतक के मकान की पहले मंजिल पर पहुंचा। जहां पर मृतक लहूलुहान हालत में चारपाई पर लेटा हुआ था। उसके गर्दन एवं सिर पर गहरे घाव नजर आ रहे थे। माजरा देख उसने घटना की सूचना मोहल्ले वालों एवं दबलाना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# नहीं हो सकी बरसाती नालों की सफाई:मानसून ने दी दस्तक, नगर परिषद की अनदेखी से जलभराव की होगी समस्या

द पुलिस पोस्ट

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में मानसून ने दस्तक दे दी है। मगर शहर के बड़े व छोटे नालों की सफाई को लेकर नगरपरिषद प्रशासन की कोई तैयारी नहीं है। स्थिति यह है कि अब तक नालों की सफाई के टेन्डर तक नहीं हुए है। ऐसे में बीते सालों की तरह इस बार भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नगरपरिषद की अनदेखी से शहर के बड़े व छोटे नाले इन दिनों गंदगी से अटे है। जिला मुख्यालय पर सफाई तो दूर, अभी तक शहर में गंदे पानी की निकासी के लिए बने नालों का हाल ही बेहाल है। कई नाले तो ऐसे भी हैं, जो निर्माण के बाद बमुश्किल ही कभी साफ हुए हैं। कई नाले अभी तक कचरे से अटे पड़े है।

### शहर के 58 छोटे-बड़े नाले सफाई को मोहताज

नगरपरिषद के अनुसार शहर, बजरिया, आलनपुर, हाउसिंग बोर्ड रेलवे कॉलोनी आदि स्थानों पर छोट-बड़ कुल 58 नाले है। इनकी सफाई होनी है। जिला मुख्यालय पहाड़ की तलहटी में बसा हुआ है और बारिश के दौरान पहाड़ों का पानी शहर के बस स्टैण्ड, मुख्य बाजार समेत कई इलाकों में मौजूद नालों से ही बहकर निकलता है। वर्तमान में शहर के नाले पूरी तरह कचरे व गंदगी से अटे पड़े है। तेज बारिश में शहर का सबसे बड़ा लटिया नाले में तेज गति से बहाव होता है। अगर समय रहते सभी नालों की सफाई नहीं हुई तो तेज बारिश के दौरान शहर में हालात विकट हो सकते हैं।

### पिछले साल भी नालों की सफाई के नाम हुई खानापूर्ति

गत वर्ष नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई। यहां गिने,चुने नालों की सफाई कर खानापूर्ति कर ली गई। ऐसे में आधे से भी ज्यादा नाले की सफाई नहीं हो सकी। इससे शहर में जलभराव की समस्या आई। शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या रहती है। हल्की सी बारिश में ही नाले चौक हो जाते है। हर साल ऐसे ही हालात रहते है। इसके बावजूद शहरवासियों की समस्या को लेकर नगरपरिषद प्रशासन गंभीर नहीं है। मामले को लेकर नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा का कहना है कि मानूसन पूर्व जिला मुख्यालय पर छोटे-बड़े 58 नालों की सफाई होनी है। इसके लिए करीब 60 लाख रुपए सफाई के टेन्डर निकाल दिए हैं। वर्क आर्डर जारी कर नालों की सफाई कराई जाएगी।

### पिछले साल 90 लाख का टेन्डर, इस साल 65 लाख में हुआ

नगर परिषद के कार्यवाहक सभापति सुनिल कुमार तिलकर का कहना है कि पिछले साल नालों की सफाई का टेन्डर 90 लाख रुपए का हुआ था। इस बार हमने 65 लाख में इसी काम को करवाने का टेन्डर किया है। जल्द ही नालों की सफाई करवाई जाएगी।



# नीट में 15-15 लाख लेकर डमी कैंडिडेट बने एमबीबीएस स्टूडेंट:झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के 10 छात्र छात्राएं पकड़े गए, 2 से मुंबई में चल रही पूछताछ

द पुलिस पोस्ट

**झालावाड़।** नीट में 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट्स बने 10 मेडिकल स्टूडेंट को दिल्ली पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया। इनमें से 8 की जमानत हो गई। वहीं दो स्टूडेंट से मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ कर रही है। ये सभी छात्र राजस्थान के ही रहने वाले और एमबीबीएस फर्स्ट ईयर से इंटर्नशिप तक के है। मेडिकल कॉलेज झालावाड़ के असिस्टेंट एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. मयंक जैन ने बताया- 15 दिन पहले दिल्ली पुलिस की जांच टीम ने हमसे 8 छात्रों के बारे में जानकारी मांगी थी। हमें छात्रों के नाम बताए गए थे। ये सभी छात्र झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के थे। पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया था। 8 छात्रों की बाद में जमानत हो गई थी। जबकि 2 छात्रों से मुंबई की टीम ने पहले पूछताछ की, फिर उन्हें गिरफ्तार कर ले गए। अभी दोनों छात्र मुंबई क्राइम ब्रांच की कस्टडी में हैं। डॉ. मयंक जैन ने बताया- किसी भी छात्र को सेंटर से गिरफ्तार नहीं किया गया है। दिल्ली पुलिस




की जांच टीम को हमने जानकारी दी तो स्टूडेंट्स से पूछताछ की थी। जानकारी के अनुसार इन छात्रों पर 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने का आरोप है। इनमें कुछ छात्राएं भी हैं। झालावाड़ मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से इस मामले पर अब तक कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुभाष चंद्र जैन लगातार मामले को टालते रहे। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने भी मामले को छुपाया। झालावाड़ एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के मामले में पुलिस को कोई जानकारी नहीं है, मीडिया से जानकारी मिलने के बाद उनकी एक टीम ने भी कॉलेज में जाकर इस मामले में बात की है।

# सड़क पर बजरी बिखेरकर भागने वाला डंपर ड्राइवर गिरफ्तार:पहले भी बजरी चोरी का मामला हो चुका दर्ज, फरार आरोपी की तलाश

द पुलिस पोस्ट



जोधपुर। डंपर से बजरी को खाली कर भागने वाले ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से डंपर भी जब्त किया गया। ड्राइवर के खिलाफ पहले भी बजरी चोरी और लापरवाही पूर्वक डंपर चलाने को लेकर मामला दर्ज हो चुका है। आरोपी को जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की भगत की कोठी थाना पुलिस ने पकड़ा। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार यादव ने बताया कि 10 जून को भगत की कोठी थाना अधिकारी छत्रसिंह के नेतृत्व में टीम ने पाली रोड पर अवैध बजरी से बड़े डंपर को रुकने का इशारा किया। इस पर चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक डंपर चलाते हुए भगत की कोठी रोड पर डंपर खाली कर भाग गया था। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक पुत्र महीराम बिश्नोई निवासी बासनी निकुबा पुलिस थाना डांगियावास को तलाश कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से डंपर भी जब्त किया गया। वहीं पुलिस डंपर के साथ एस्कॉर्टिंग करने वाले क्रेटा कार के चालक रमेश कुमार प्रजापत निवासी तेजा नगर झालामंड की तलाश कर रही है।

# मकान पर गिरी बिजली:छत का हिस्सा टूटा-बिजली लाइन जली, धमाके से घबरा गए लोग

द पुलिस पोस्ट



**राजसमंद।** राजसमंद में कांकरोली में स्थित सन सिटी मोहल्ले में गुरुवार दोपहर बाद हुई जोरदार बारिश में एक मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। बिजली गिरने से फर्स्ट फ्लोर की विद्युत लाइन व पंखे जल गए और सभी कमरों के बिजली बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गए। मकान मालिक दिनेश चंद्र ने बताया कि गुरुवार को दोपहर सवा 3 बजे जोरदार बारिश हुई। इस दौरान मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे छत का हिस्सा टूट गया और बारिश का पानी अंदर टपकने लग गया।

## धमाके से घबरा गए लोग

बिजली गिरने के दौरान जोरदार धमाका हुआ, जिससे नीचे बैठे परिजन घबरा गए। आकाशीय बिजली गिरने का पता पड़ोसियों से लगा जब उन्होंने बताया कि उनकी छत परी आग की चिंगारी गिरी है। इसके बाद जब छत पर जाकर देखा तो छत पर खड्डा मिला। बिजली गिरने से फर्स्ट फ्लोर की विद्युत लाइन व उपकरण जल गए। हालांकि इस दौरान कोई जनहानी नहीं हुई है। बारिश रुकने के बाद मोहल्ले वासी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

# पेपर लीक-डमी कैंडिडेट मामले में दौसा में एसओजी की दबिश:आरोपी रिंकू शर्मा के घर पहुंची टीम, पत्नी और भाई भी जांच के दायरे में

द पुलिस पोस्ट

**दौसा।** जेईएन भर्ती पेपर लीक प्रकरण और प्रतियोगी परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बिठाने के मामलों को लेकर एसओजी का एक्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को जयपुर एसओजी की टीम ने दौसा जिला मुख्यालय पर दबिश दी। एएसपी नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में टीम ने लव कुश नगर स्थित रिंकू शर्मा के आवास पर तलाशी ली। जहां काफी देर तक सर्च किया, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पेपर लीक से जुड़े मामले में एसओजी रिंकू शर्मा की पत्नी की भूमिका की भी जांच कर रही है। वहीं पूर्व में रिंकू शर्मा का भाई जो सरकारी स्कूल में लाइब्रेरियन है, उसकी नौकरी के दस्तावेज पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी विभाग से लिए थे




जिनकी एसओजी जांच कर रही है। बताया जा रहा है इन सभी के तार पूर्व में एसओजी द्वारा गिरफ्तार किए गए महुवा निवासी हर्षवर्धन पटवारी से जुड़े हैं। फिलहाल हर्षवर्धन पटवारी एसओजी के रिमांड पर है। एसओजी टीम डमी कैंडिडेट बिठाने के मामले को लेकर जांच जुटी है। एएसपी नरेंद्र मीणा ने बताया एडीजी वीके सिंह के निर्देश पर पेपर लीक प्रकरण से जुड़े मामलों की जांच जल्द पूरी करने व सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दौसा जिले में भी पेपर लीक प्रकरण से जुड़े संदिग्ध आरोपी चिन्हित किए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# महिला एलडीसी का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल:आरोपी ने शादी करने का बनाया दबाव, धमकी देकर मांगे रुपए

द पुलिस पोस्ट

**सीकर।** महिला एलडीसी की अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शादी करने का दबाव बनाने व रुपए मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। मामला सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि वह सीकर जिले की ग्राम पंचायत में एलडीसी के पद पर कार्यरत है। वह अपनी रिश्तेदारी में शादी में गई थी। इस दौरान महिला के चचेरे भाई राजकुमार ने शादी में महिला की फोटो और वीडियो अपने मोबाइल फोन में बना ली। इसके बाद आरोपी ने किसी से महिला के मोबाइल नंबर ले लिए और फोन करने लगा। आरोपी ने शादी में ली गई फोटो को एडिट कर महिला के साथ अपनी फोटो लगाकर फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट बना लिया और महिला से मिलने का दबाव बनाने लगा। आरोपी ने महिला को दबाव बनाकर मिलने के लिए अपने पास बुला लिया और उसे नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। जिसके बाद आरोपी महिला को ब्लैकमेल कर लगातार



मिलने के लिए बुलाता रहा। महिला ने जब मिलने के लिए मना कर दिया तो आरोपी ने महिला से 1 लाख रुपए ले लिए। आरोपी अब महिला पर शादी करने का दबाव बना रहा है और 10 लाख रुपए मांग रहा है। आरोपी महिला से कह रहा है कि अगर उसने आरोपी के साथ शादी नहीं की तो वह उसके परिवार को जान से मार देगा और उसके फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई पूरणमल कर रहे हैं।

# कम पानी देने पर गुस्साए रेलवे कर्मचारी:बोले- पीएचईडी कम मात्रा में पानी कर रहा सप्लाई, समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन



द पुलिस पोस्ट

**अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ अजमेर मंडल ने आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने पीएचईडी की ओर से रेलवे को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में पानी की सप्लाई करने पर विरोध जाहिर किया। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर को ज्ञापन देकर मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की। मंडल सचिव एस आई जेकब ने कहा- उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की जानकारी में आया है कि विगत चार महीने से पीएचईडी की ओर से रेलवे को आवश्यकता की तुलना में बहुत कम मात्रा में पानी की सप्लाई दी जा रही है। रेलवे कारखाने, रेलवे अस्पताल, रेलवे स्टेशन मदार डिपो सहित विभिन्न कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनीयो के लिए प्रतिदिन लगभग 26 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है। पिछले 15 दिनों से औसतन प्रतिदिन केवल 9 से 10 लाख लीटर पानी ही दिया जा रहा है। परिणाम स्वरुप कारखाने एवं कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनी में पानी की अत्यंत कमी हो गई है। जिसके कारण सभी को समस्या झेलनी पड़ रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की ओर से श्रमिक संगठन होने के नाते मांग की है कि इस मामले में जल्द उचित दिशा निर्देश देते हुए रेलवे को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। जिससे कि उनकी जरूरत को पूरा किया जा सके। ऐसा नहीं होने पर आगामी दिनों में बड़े विरोध की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

# जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में अटेंडेंस के नाम पर रिश्वत: एसीबी ने सरकारी कर्मचारी को किया ट्रैप, अटेंडेंस अधिक बनाने के नाम पर मांगी रिश्वत, दलाल भी पकड़ा गया

द पुलिस पोस्ट

**जोधपुर।** जोधपुर में एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक महिला कर्मचारी सहित दलाल को ट्रैप किया है। पूरी कार्रवाई जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में की गई है। टीम ने यहां पर न्यू ओपीडी के पास स्थित मल्टी लेवल इस आईसीयू में एक ऑफिस में यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि महिला कर्मचारी एमडीएम हॉस्पिटल में ठेकाकर्मियों की हाजरी रजिस्टर को मेंटेन करती थी। कर्मचारी ने ठेकाकर्मी की 40 दिन की हाजरी का पेमेंट बनाया थी। जिसमें से बिना काम किए 12 हाजरी एक्स्ट्रा जोड़ी गई थी। जिसके कमीशन के पेटे 3600 की रिश्वत राशि महिला कर्मचारियों ने मांगी थी। टीम ने परिवादी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महिला कर्मचारी



और एक ठेकाकर्मी दलाल को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद महिला कर्मचारी और दलाल को एसीबी ने हिरासत में ले लिया। एसीबी के डीवाई एसपी गोरधनराम ने बताया की रिश्वत मांगने को लेकर परिवादी ने शिकायत दीथी। जिसमें बताया की जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल की ईसीजी टेक्निशियन वैशाली शर्मा अस्पताल में काम करने वाले ठेका कर्मियों की अटेंडेंस फील करती है। परिवादी ने बताया की वो संविदा के तौर पर यहां नियुक्त है। उन्होंने एक टेक्नीशियन के तौर पर 27 दिन हॉस्पिटल में काम किया था लेकिन उनकी इंचार्ज वैशाली शर्मा ने 40 दिन की उपस्तिथि का का रिकॉर्ड बनाकर पेमेंट पास किया। इसके बाद 12 दिन की हाजिरी अधिक लिखने की आवाज में कमीशन के ?3600 मांगे जा रहे थे। शिकायत मिलने पर ऐसी भी की ओर से सत्यापन करवाया गया जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद टीम ने आज कार्रवाई करते हुए एमडीएम अस्पताल के मल्टी लेवल आईसीयू में एक टेक्नीशियन के ऑफिस में कार्रवाई करते हुए ठेका कर्मियों की इंचार्ज वैशाली शर्मा और संविदा पर नियुक्त दलाल ठेका कर्मी पीयूष शर्मा को ट्रैप किया। वैशाली शर्मा ने रिश्वत की यह राशि पहले ठेका कर्मी पीयूष शर्मा को दी थी। इसके बाद पीयूष ने वैशाली कोई राशि दी एसीबी की टीम को वैशाली के बैग से 3600 रुपए की राशि बरामद हुई। ट्रैप होते ही वैशाली सिर पकड़कर रोने लगी। बता दे की मथुरादास माथुर अस्पताल में ठेका कर्मियों की कम उपस्थिति के बावजूद अधिक हाजिरी बनाने को लेकर कई बार शिकायतें भी सामने आ रही थी। अब एसीबी की जांच में भी उन कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है जो ठेका कर्मियों से अधिक हाजिरी लिखने के नाम पर रिश्वत की राशि वसूलते हैं। एसीबी जांच में अब ऐसे और भी कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है।

# थर्ड जेंडर्स बोले- डुप्लीकेट किन्नरों से समाज बदनाम हो रहा:सीकर आईजी ने कहा- सुरक्षा के लिए सरकार चिंतित, इस्माइल योजना के तहत कार्यशाला आयोजित

द पुलिस पोस्ट

**सीकर।** सीकर रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह ने कहा कि समाज की तीसरी आबादी को लाभ पहुंचाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए राज्य सरकार चिंतित है। राज्य में थर्ड जेंडर के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें अलग-अलग सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ऑपरेशन स्माइल चलाया जा रहा है। इस्माइल योजना के तहत ट्रांसजेंडर को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाया जाएगा। यह बात आईजी ने सीकर जिला परिषद सभागार में मिशन इस्माइल के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों एवं उनकी सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला में सीकर रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह , एसपी भूवन भूषण यादव सहित संभाग के पुलिस अधिकारियों ने किन्नर समाज के लोगों के साथ उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने थर्ड जेंडर की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए तुरंत बीट अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि किन्नर समाज के लिए गठित बोर्ड द्वारा स्माइल योजना के तहत उनके समुदाय को जोड़ा जाएगा। किन्नर माही शेखावत ने कहा कि समाज में थर्ड जेंडर के डुप्लीकेट होने की वजह से उनको समस्या आ रही है और किन्नर समाज बदनाम हो रहा है पुलिस प्रशासन इन पर रोक लगाए।



# मंत्री खर्रा ने बांगड़ हॉस्पिटल में मरीजों से पूछा-कोई समस्या अटेडेंट बोले गर्मी में वार्ड के एसी बंद कर देते हैं, सुधार कराओ

द पुलिस पोस्ट

**पाली।** प्रदेश के नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री और पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने एक दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को पाली पहुंचे। बांगड़ हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान वे भर्ती मरीजों से मिले। उन्होंने मरीजों से समस्याओं को लेकर चर्चा की तो आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीज के परिजन एडवोकेट किशोर सिंह ने व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। लेकिन गर्मी में भी नर्सिंगकर्मी की ओर से वार्ड के एसी बंद किए जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे दिल के गंभीर मरीजों को दिक्कत हो सकती है। इस पर मंत्री ने व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल की सफाई व्यवस्था और टूटे फर्श को लेकर नाराजगी जाहिर की। प्रभारी मंत्री सर्किट हाऊस में भाजपा कार्यकताओं से मिलने के बाद वृद्धा आश्रम पहुंचे। वहां वृद्धजनों के लिए की गई व्यवस्था देखकर वे काफी खुश हुए। उन्होंने कहा की ये सच्चाई मानवता की सेवा करने वाला काम हैं। उसके बाद वे आदर्श नगर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख के आवास गए और उनसे मुलाकात की। यहां से वे बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। हॉस्पिटल के वार्डों का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत की। साथ ही हॉस्पिटल की सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। उसके बाद वे जिला परिषद सभागार पहुंचे और अधिकारियों की बैठक ली। जो 2 घंटे से भी ज्यादा चली। उसके बाद वे भाजपाइयों से मिले और जनसुनवाई की। इस दौरान पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, बीजेपी जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार, महामंत्री सुनील भंडारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा मनोहर कंवर, जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी, रमेश परिहार, मुकेश गोस्वामी सहित कई भाजपाई मौजूद रहे। मंत्री खर्रा ने करीब एक घण्टे तक निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रॉमा वार्ड, हड्डी वार्ड, ओपीडी, चिरंजीवी योजना रूम, प्रसूति वार्ड, आईसीयू आदि वार्ड का निरीक्षण कर हॉस्पिटल अधीक्षक पीसी व्यास को सफाई व्यवस्था बेहतर करने, टूटे फर्श दुरुस्त करवाने, सोनोग्राफी के लिए डॉक्टर लगाने जिसे निर्देश दिए। इस दौरान डॉक्टर आरके बिशनोई, डॉक्टर महेंद्र चौधरी, डॉक्टर ओपी सुथार, गौरव गुप्ता सहित कई डॉक्टर मौजूद रहे। हॉस्पिटल के बाद मंत्री का नगर परिषद पहुंचने का प्रोग्राम प्रस्तावित था। लेकिन वे सीधे जिला परिषद सभागार पहुंच गए। ऐसे में कांग्रेस पार्षद नाराज हो गए वे उनसे मिलने जिला परिषद सभागार पहुंच गए। लेकिन तब तक मीटिंग शुरू हो गई थी। ऐसे में उन्हें एसडीएम अशोक कुमार ने मीटिंग हॉल में जाने रोका और मीटिंग खत्म होने के बाद मिलने की बात कही। इस पर पार्षद राजी हो गए और मीटिंग खत्म होने का इंतजार करने लगे।

## सरकारी टीचर और उनके भाई का फोड़ा सिर :पड़ौसी को अवैध निर्माण करने पर टोका था, लाठी से की मारपीट



द पुलिस पोस्ट

**अलवर।** अलवर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम को अवैध निर्माण करने वालों को टोकना सरकारी टीचर व उनके भाई को भारी पड़ गया। अवैध निर्माण करने वालों ने टीचर का सिर फोड़ दिया। भाई बचाव करने आया तो उसे भी पीटा। मारपीट का सीसीटीवी भी सामने आ गया है। अब पुलिस मामले की जांच में लगी है। अलवर शहर में कचहरी रोड के पास निवासी सरकारी टीचर विजेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसके मकान के बगल में अवैध निर्माण चल रहा है। शिकायत के बावजूद अवैध निर्माण नहीं रोका गया। गुरुवार दोपहर बाद स्कूल से आने पर मैंने उनको टोक दिया था। उसके बाद अवैध निर्माण करने वालों ने उसके साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया। पत्थर और लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। पता चलने पर छोटा भाई नीरज शर्मा आया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। दोनों को प्राथमिक इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल ले जाया गया।

# एसपी पहुंचीं हाईवे पर, बजरी के 4 ट्रेलर किए जब्त:स्थानीय अधिकारियों को लगाई फटकार, प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

द पुलिस पोस्ट

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए रढ ममता गुप्ता को खुद एक्शन में आना पड़ा। एसपी लालसोट-कोटा हाईवे पर पहुंचीं और बजरी से भरे 4 ट्रेलर जब्त किए। साथ ही एसपी ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को फटकार भी लगाई। मलारना डूंगर थाना इलाके में अवैध बजरी खनन और परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बजरी माफिया बनास नदी से अवैध बजरी खनन कर पुलिस थाने और चौकियों के सामने से धड़ल्ले से अवैध बजरी का परिवहन कर रहे हैं। मगर पुलिस इन अवैध बजरी के वाहनों पर कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठा रही है। स्थानीय पुलिस बजरी की ओर से वाहनों पर कार्रवाई नहीं करने के बाद रढ ममता गुप्ता खुद लालसोट-कोटा हाईवे पर पहुंचीं और मलारना चौड़ और टोंड गांव के बीच अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 4 ट्रेलर जब्त किए गए। इस दौरान रढ ममता गुप्ता ने भाड़ौती चौकी प्रभारी प्रहलाद मीणा, मलारना चौड़ चौकी प्रभारी रमेश चंद और मलारना डूंगर थाना पुलिस को जमकर फटकार लगाते हुए अवैध बजरी परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही रढ ने मौके पर खड़े होकर सभी जब्त वाहनों को मलारना डूंगर पुलिस थाने पहुंचा। दरअसल, मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में लगातार अवैध बजरी खनन और परिवहन की शिकायतों के बाद 23 जून को रात में सवाई माधोपुर विधायक व कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने रसूलपुरा गांव पहुंचकर अवैध बजरी परिवहन का भांडाफोड़ करते हुए 5 वाहनों को पकड़कर रढ ममता गुप्ता को अवगत कराया था। कृषि मंत्री के द्वारा बजरी के वाहनों को पकड़ने के बाद रढ ममता गुप्ता खुद मौके पर पहुंचीं और सभी वाहनों को पुलिस थाने पहुंचाया था। उसके बाद दो-चार दिन अवैध बजरी परिवहन का खेल बंद रहा, मगर गुरुवार रात को एक बार फिर भाड़ौती और मलारना चौड़ पुलिस चौकी व थाने के सामने से धड़ल्ले से अवैध बजरी का परिवहन होता रहा। मगर पुलिस कर्मियों ने अवैध बजरी के वाहनों पर



कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई। जिसके चलते शुक्रवार सुबह रढ ममता गुप्ता खुद फील्ड में उतरी और लालसोट–कोटा हाईवे पर अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम।

### जिले में नहीं लीज, फिर भी हो रहा है अवैध खनन

दिलचस्प बात यह है कि सवाई माधोपुर जिले में इन दिनों बजरी खनिज की कोई लीज नहीं है। बावजूद इसके बनास नदी से बजरी खनन कर धड़ल्ले से अवैध बजरी का परिवहन किया जा रहा है। जिससे सरकार को लाखों करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान होने के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। मगर जिम्मेदार अवैध बजरी खनन और परिवहन पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे।

## *जयपुर में प्रॉपर्टी बिजनेसमैन के सिर में गोली लगी, मौत:चलती कार में शराब पार्टी कर रहे थे दोस्त, हॉस्पिटल में छोड़कर भागे*

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** जयपुर स्टेट हाईवे पर गुरुवार रात गोली लगने से प्रोपर्टी कारोबारी की मौत हो गई। बिजनेसमैन गुरुवार रात अपने तीन दोस्तों के साथ चलती कार में शराब पार्टी कर रहा था। इस दौरान बिजनेसमैन को गोली लग गई। दोस्त ही युवक को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (रटर) लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने बिजनेसमैन को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद तीनों मौके से भाग निकले। पुलिस ने दो साथियों को राउंडअप कर लिया है, तीसरे साथी की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी हरदयाल मीना ने बताया कि गोली लगने से जमवारामगढ़ (जयपुर) की खसानों की ढाणी लाली निवासी मुकेश गुर्जर (26) पुत्र भौरी लाल की मौत हो गई। गुर्जर प्रॉपर्टी



बिजनेसमैन था। गुरुवार रात को सिर में गोली लगने पर मुकेश को लहूलुहान हालत में कार सवार दोस्त एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे।

### गोली कैसे चली, पुलिस कर रही जांच

गुरुवार रात को प्रॉपर्टी कारोबारी मुकेश अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने निकला था। आंधी स्टेट हाईवे पर चारों दोस्त चलती कार में शराब पार्टी कर रहे थे। शराब पार्टी के दौरान चली गोली मुकेश गुर्जर के सिर में लगी। गोली किसने मारी और कैसे चली इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार हॉस्पिटल प्रशासन रात करीब तीन बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। जमवारामगढ़ सीओ प्रदीप कुमार गोयल ने बताया- एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। जांच में सामने आया है कि शराब पार्टी के बाद रात करीब 2 बजे चारों दोस्त बोलेरो गाड़ी से आंधी इलाके में स्थित होटल पर खाना जाने जा रहे थे। रास्ते में जाते समय बोलेरो में बैठे साथी के पास मौजूद पिस्तौल से निकली गोली मुकेश के सिर में लगी थी।

## 'कन्हैयालाल हत्याकांड' दो साल से नंगे पैर रहता बेटा:बोला- सिलाई मशीन देखकर पापा की याद आती, इंसाफ मिलने तक अस्थियां नहीं बहाएंगे

द पुलिस पोस्ट

**उदयपुर।** उदयपुर के 'कन्हैयालाल हत्याकांड' की आज दूसरी बरसी है। उनके घर में रखी सिलाई मशीन को देखकर उनका परिवार सिसक उठता है। बेटा कहता है कि 'सिलाई मशीन देखता हूं तो पापा की याद आ जाती है।' बेटे दो साल से पैरों में बिना चप्पल के है और बाल भी नहीं कटवाए है। इसके साथ ही न्याय न मिलने तक अस्थियां भी न बहाने का प्रण लिया है।

### 24 घंटे सुरक्षा पहरे में रहता है परिवार

यश ने कहा- 2 साल बीत गए। मामले में जल्द कार्रवाई होनी चाहिए थी। तीन से 6 महीने में हमें न्याय की आस थी, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। इस पूरे मामले की एनआईए जांच कर रही है। घटना के बाद से परिवार को राज्य सरकार ने पुलिस की सुरक्षा दी हुई है।

कन्हैया के बेटे ने कहा कि राजस्थान से बाहर जाने पर पहले स्थानीय थाना पुलिस को सूचना देनी पड़ती है। आने के बाद स्थानीय थाना पुलिस को बताना पड़ता है। 24 घंटे घर पर पुलिस तैनात रहती है। ड्यूटी के दौरान भी सुरक्षा गार्ड रहते हैं।

### पत्नी बोलीं- केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाया जाए



कन्हैयालाल की पत्नी जशोदा (44) ने कहा- एनआईए और सरकार से यही उम्मीद रखती हूं कि इस केस को जल्द से जल्द फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाया जाना चाहिए। 3 से 6 महीने में हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। अब ज्यादा देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2 साल हमारी जिंदगी में किसी पहाड़ टूटने से कम नहीं है। बेटे जब नंगे पैर इस चिलचिलाती धूप में ड्यूटी पर जाते देखती हूं तो दिल कचोटता है। बावजूद इसके वो कुछ नहीं कर सकती। उनका कहना है कि पति के जाने के बाद हर दिन न्याय की आस में गुजा रहे हैं कि इंसाफ आखिर कब मिलेगा, अपराधियों को सजा कब होगी।

### जिस गली में दुकान थी, वहां पसरा सन्नाटा

28 जून 2022 को कन्हैयालाल की हत्या के बाद से मालदास स्ट्रीट में सन्नाटा है। गली में आज भी करीब 10 से ज्यादा दुकानें बंद है। कारोबार में भी गिरावट आई है। घटना के बाद से आज भी यहां के दुकानदार सहित आसपास लोग सहमे हुए हैं। बता दें, 28 जून को मालदास स्ट्रीट की भूतमहल गली में सुप्रीम टेलर्स के संचालक कन्हैयालाल साहू की रियाज और गौस नाम के हत्यारों ने तालिबानी तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी। मर्डर के बाद आरोपियों ने हमले के लाइव वीडियो और इसकी जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी पोस्ट किए थे। अभी मामला एनआईए कोर्ट में चल रहा है।

### पुण्यतिथि पर आज होगा सम्मान समारोह

सर्व समाज की ओर से टेलर कन्हैयालाल साहू की दूसरी पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदार शिविर लगाया गया। शाम को धर्म प्रहरी सम्मान समारोह होगा। नगर निगम परिसर स्थित दीनदयाल सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली के भाजपा नेता कपिल मिश्रा होंगे। कार्यक्रम में द टेलर मर्डर स्टोरी के डायरेक्टर अमित जानी भी उपस्थित रहेंगे। वे फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा करेंगे।

## बैंक की महिला कर्मचारी से लूट:घर लौटते समय स्कूटी पर झपट्टा माकर 2 बदमाशों ने की वारदात



द पुलिस पोस्ट

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में बैंक से घर लौट रही महिला बैंककर्मी से 2 बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौटते समय पीड़िता से गुरुवार देर शाम पर्स लूट लिया गया। इसमें बैंक की चाबियां थीं। महिला बैंककर्मी ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौट रही थी। इसी दौरान स्कूटी के आगे बने बॉक्स में एक तरफ रखे पर्स पर झपट्?टा मारकर 2 युवक इसे छीन ले गए। महिला ने इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया है। पर्स में महिला का एटीएम कार्ड भी था।

### बाइक पर आए थे 2 बदमाश

मीरा विहार की रहने वाली पीड़िता ममता पत्नी सुनील कुमार गुरुवार शाम ड्यूटी के बाद घर जाने के लिए रवाना हुई थी। वह राधेश्याम कोठी रोड होते हुए लौट रही थी। उसने अपना बैग अपनी स्कूटी के आगे लगे बॉक्स में रखा हुआ था। इसी दौरान 2 बदमाश बाइक पर आए और झपट्?टा मारकर उसका पर्स छीन लिया। महिला कुछ समझ पाती इससे पहले बदमाश फरार हो गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।

### सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस

गुरूवार रात को इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार का दी गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि महिला की रिपोर्ट के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। उसके भागने के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## सरस प्लांट में दूध तौलने का कांटा हैक:चिप लगाकर टैंकर में 460 लीटर दूध बढ़ा दिया, डेयरी चेयरमैन व एमडी ने पकड़ी गड़बड़ी

द पुलिस पोस्ट

**अलवर।** अलवर सरस डेयरी में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी है। डेयरी के चेयरमैन ने टऊको शिकायत की। इसके बाद टऊ ने बहरोड़ रूट से आने वाले एक टैंकर को पकड़ा। जिसका वजन बाहर कांटे पर कराया तो चौकाने वाला खुलासा हुआ। उसी टैंकर को पहले डेयरी के प्लांट पर कांटे पर तोला गया तो 480 लीटर दूध ज्यादा मिला। बाद में पता लगा कि कांटे की तुलाई के सिस्टम को हैक कर तोल में दूध बढ़ाते थे। यह सरकारी सिस्टम में बड़ा घोटाला पकड़ा है। अभी एक ही टैंकर पकड़ में आया जिसके दूध की मात्रा तुलाई में 480 लीटर बढ़ा दी। यानी कांटे पर इतना बड़ा खेल होता था कि टैंकर का दूध बढ़ाकर एक बार में ही सरकार को करीब 25 हजार रुपए का चूना लगाते थे। इस तरह दिन में 10 से 12 टैंकर बड़े आते हैं। यदि यह खेल सबमें होता है तो रोजाना 1 से 2 लाख रुपए का घोटाला है।

### चेयरमैन व एमडी बोले - यह बड़ी गड़बड़ी

इस मामले में चेयरमैन विश्राम गुर्जन ने कहा कि कुछ दिन पहले उसे शिकायत मिली थी कि कांटे में गड़बड़ी हो सकती है। उसके बाद कांटे की तुलाई के समय विशेष फोकस किया गया। एक जने को जिम्मेदारी दी गई। उसने पड़ताल की। तब आभास हुआ कि कांटे के तोल में गडबड़ी बड़े स्तर पर हो रही है। जिसकी शिकायत एमडी को दी। एमडी ने पहले विश्वास नहीं किया कि कांटे में भी गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन एक दिन पहले दूध वाले उस टैंकर को पकड़ा। जिसकी पहले कांटे पर तुलाई हो गई थी। उसका तौल लेकर बाहर के कांटे पर तुलाया गया। तब पता लगा कि दूध 460 लीटर



बढ़ाया गया है।


### एमडी बोले मुझे विश्वास नहीं हुआ

एमडी नरेश विजय ने बताया कि उसे डेयरी चेयरमैन ने ही बताया था। पहले तो विश्वास नहीं हुआ कि कांटे पर गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन तब यह सब देख लिया। तब पता लगा कि यह बड़ी गड़बड़ी है। इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। पुलिस को रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करा रहे हैं। दोषियों को चिह्नत करने के प्रयास हैं। यह पता लगा रहे हैं कि कितने टैंकर में गड़बड़ी होती थी और कब से हो रही थी। यह सही है कि पकड़े गए टैंकर में करीब 25 हजार रुपए का दूध कम मिला। तो तौला जा चुका था। मतलब दूध का नाप बढ़ाते थे। यह पूरा खेल चिप से हो रहा था। अभी चिप से कैसे हो रहा था। यह पकड़ना बाकी है। इसके लिए एक्सपर्ट टीम का सहारा लिया जाएगा।

## 5.40 लाख बच्चों को पोलिया खुराक देने का लक्ष्य:जयपुर जिले में 30 जून को 5924 बूथों पर पिलाई जाएगी खुराक; 540 मोबाइल टीमें घर-घर जाएगी

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** जयपुर में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 30 जून को होगा । इस दिन जयपुर जिले की में अलग-अलग हेल्थ सेंटर्स पर बनाए 5924 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद मोबाइल टीमों को घर-घर भेजकर खुराक लेने से वंचित रहे बच्चों को दवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान में जिले के नवजात (5 साल तक की उम्र के) को 5 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा है। 30 जून को पोलियो दिवस पर 5924 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। आरसीएचओ जयपुर प्रथम कार्यवाहक डॉ. धर्मेंद्र कराड़िया ने बताया कि अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाएगी। अभियान के के लिए 737सुपरवाइजर नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही 226 ट्रांजिक्ट टीमें और 540 मोबाईल टीमें काम करेगी।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक उपेन्द्रसिंह राठौड़, अम्बर ऑफसेट प्रा.लि.डीएल टॉवर, 3ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित एवं भू-तल ऑरबिट मॉल, सिविल लाइंस, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित, 99280-96524, पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, अनिल मलिक (सहसंपादक) 8696750000, पंकज गर्ग (प्रबंध संपादक) 01482-455184, 9214417111